● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 203, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 04 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



हिंसा से मुद्दे का समाधान नहीं होगा : उमर 5

लुइस सुआरेज ने फुटबाल से लिया सन्यास 6



# पीएम मोदी का ब्रुनेई दौरा कितना अहम

## दक्षिण चीन सागर की सीमा पर बसा देश हमारे लिए खास क्यों?

**बंदर सेरी बागवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त विदेश दौरे पर हैं। वह ब्रुनेई की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के निमंत्रण पर 3 और 4 सितंबर को ब्रुनेई की यात्रा पर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरे से दोनों देश के ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी।



करीब साढ़े चार लाख की आबादी वाले ब्रुनेई का प्रधानमंत्री मोदी का दौरा ऐतिहासिक है। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। यह यात्रा उस वक्त हो रही है जब दोनों देश अपने राजनीयिक संबंधों की स्थापना के 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। पश्चिम एशियाई देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हिंद-प्रशांत विजन के लिए अहम भागीदार हैं।

ब्रुनेई एक छोटा तेल समृद्ध सल्तनत है जिसकी आबादी करीब 4.5 लाख है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया में जनसंख्या के हिसाब से सबसे छोटा देश भी है। ब्रुनेई आधिकारिक तौर पर मुस्लिम देश है और मलय इसकी आधिकारिक भाषा है। इसकी भौगिलिक स्थिति भी काफी अहम है। यह दक्षिण-पूर्वी एशिया, बोर्नियो द्वीप के उत्तरी तट के साथ, दक्षिण चीन सागर और मलेशिया की सीमा पर स्थित है। दक्षिण चीन सागर के जरिए हिंद और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के करीब है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 से 4 सितंबर तक ब्रुनेई की यात्रा पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया और शाही परिवार के अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

इससे पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अक्तूबर 2013 में ब्रुनेई दारुस्सलम में आयोजित 11वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 8वें ईएएस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलम का दौरा किया था। यह भारत के प्रधानमंत्री की ब्रुनेई दारुस्सलाम की पहली यात्रा थी। वहीं प्रधानमंत्री मोदी और सुल्तान की पहली मुलाकात नवंबर 2014 में नेपीता में 25वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। दोनों नेताओं की मुलाकात नवंबर 2017 में मनीला में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान भी हुई थी।

पीएम मोदी की ब्रुनेई यात्रा पर विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कहा कि प्रधानमंत्री ब्रुनेई के साथ संबंधों और सहयोग के सभी पहलुओं पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

न्यूज एजेंसी एएनआई ने मजूमदार के हवाले से कहा, हमारे ब्रुनेई के साथ बहुत ही मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हमारे संबंध रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति और मानवीय आदान-प्रदान जैसे कई क्षेत्रों में हैं।

# इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन खोलेगी समृद्धि के द्वार : सीएम डॉ. यादव

## लोकमाता अहिल्या देवी के सम्मान में महेश्वर में होगी मंत्रि-परिषद की बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता अहिल्या देवी के 300वें जन्मोत्सव वर्ष पर लोकमाता के जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। सुशासन के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव की वृद्धि के लिए लोकमाता अहिल्या देवी के योगदान का आज राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में स्मरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रि-परिषद की औपचारिक बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित करते हुए कहा कि मंत्रि-परिषद की आगामी बैठक खरगोन जिले के महेश्वर में रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी के कार्यों से देशवासियों को परिचित कराने के लिए विविध आयोजन किए जाएंगे। लोकमाता अहिल्या देवी ने राजकोष के अलावा स्वयंके कोष से जन-कल्याण के कार्यों को मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर परिवार के न्यास (खासगी ट्रस्ट) की व्यवस्था द्वारा पति की ओर से पत्नी को आय का 25 प्रतिशत अंश प्रदान करने की परम्परा की जानकारी भी दी। लोकमाता अहिल्या देवी ने निजी राशि से देश के अनेक स्थानों में मंदिरों के निर्माण और सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के कार्य किए। मध्यप्रदेश सरकार ने 14 सदस्यीय समिति गठित की है, जो अहिल्या देवी की जन-कल्याण की भावना के साथ आत्म-निर्भर बनाने के उनके प्रयत्नों को व्यवहार में परिणित करने के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय करेगी।



# सेना को 1.45 लाख करोड़ के रक्षा उपकरणों की खरीद की मंजूरी

## राजनाथ सिंह ने 10 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** सेना की ताकत बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने बड़ी पहल की है। रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 1.45 लाख करोड़ से टैंक के लिए आधुनिक कॉम्बैट व्हीकल्स और गश्ती जहाज समेत कई अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद के 10 प्रस्तावों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंजूरी दी। इन रक्षा उपकरणों की लागत का कुल 99 फीसदी हिस्सा भारतीय स्तर डिजाइन, विकसित और निर्मित है। रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में भारतीय सेना के टैंक बेड़े के लिए फ्यूचर रेडी



कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे युद्धक टैंक बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक स्थिति पर काबू पाने और वास्तविक समय पर जागरूकता के साथ काम कर सकेंगे। इसके अलावा वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार की खरीद पर सहमति जताई गई। यह रडार हवाई लक्ष्यों का पता लगाकर उनको ट्रैक करेगा। साथ ही फायरिंग समाधान देगा। इस प्रस्ताव को फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) के लिए भी मंजूरी दे दी गई है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। साथ ही मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन और बख्तरबंद रेजीमेंट दोनों के लिए अधिकृत है। इसके अलावा बैठक में भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन प्रस्तावों पर सहमति बनी। इसमें डोर्नियर-228 विमान जो खराब मौसम में उच्च परिचालन सुविधा के साथ अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाज हैं। गश्ती जहाजों की खरीद से समुद्री क्षेत्र, खोज एवं बचाव और आपदा राहत अभियान के दौरान आईसीजी की निगरानी, गश्त करने की क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिवंगत भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल के निधन पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास

## पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को 10 दिन में फांसी होगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को एंटी रेप बिल पास हो गया। नए कानून के तहत रेप केस की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। इसके अलावा पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया है।



इसे अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) नाम दिया गया है। अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। उसके बाद यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। दोनों जगह पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर हुआ था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों और राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के बाद ममता बनर्जी ने कहा था कि वो राज्य में रेप जैसे अपराध के लिए सख्त कानून बनाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को भी इसके लिए दो बार चिट्ठी लिखी थी।

ममता ने बिल पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा- पश्चिम बंगाल में महिलाओं के लिए 88 फास्ट ट्रैक कोर्ट और 52 विशेष अदालतें हैं। इनमें 3 लाख से ज्यादा मामले दर्ज हैं और उनमें से 3 लाख 11 हजार 489 मामलों का निपटारा किया जा चुका है।

# आरजी कर के पूर्व-प्रिंसिपल को स्वास्थ्य विभाग ने निलंबित किया

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और अन्य 3 लोगों को 8 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा दिया गया है। सीबीआई ने इन्हें अलीपुर कोर्ट में मंगलवार (3 सितंबर) को पेश किया। इन लोगों को 2 अगस्त को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस फैसले के बाद पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने नोटिफिकेशन जारी करके कहा कि संदीप घोष के खिलाफ जारी कानूनी कार्रवाई के चलते उन्हें सस्पेंड किया जा रहा है।

# गुजरात में कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर समुद्र में गिरा

**अहमदाबाद।** गुजरात के पोरबंदर तट के पास इंडियन कोस्ट गार्ड का एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) अरब सागर में गिर गया। हेलिकॉप्टर पर सवार 4 में से 3 क्रू मेंबर्स लापता हैं। एक को बचाया गया है। हेलिकॉप्टर का मलबा मिल गया है। घटना सोमवार (2 सितंबर) की है।

आईसीजी ने मंगलवार (3 सितंबर) को सुबह 10-12 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हादसे की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हेलिकॉप्टर पोरबंदर तट से 45 किलोमीटर दूर कार्गो शिप पर रेस्क्यू मिशन के लिए गया था। हेलिकॉप्टर पर 2 पायलट और 2 गोताखोर सवार थे। इनमें 1 गोताखोर को बचाया गया है।

कोस्ट गार्ड ने बताया कि दोनों पायलट और एक गोताखोर की तलाश के लिए 4 जहाज और 2 विमान भेजे हैं। एएलएच ने हाल ही में गुजरात में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 67 लोगों का रेस्क्यू किया था।

# हाईवे-टनल दुर्घटना के लिए डीपीआर बनाने वाले दोषी : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाईवे और टनल के निर्माण में आने वाली दिक्कतों के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने वाले अधिकारियों को जिम्मेदार बताया। नितिन गडकरी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान नेशनल हाईवे, रोड और टनल के कन्स्ट्रक्शन में आ रही समस्याओं पर टिप्पणी की।



गडकरी ने कहा कि डीपीआर बनाने वाली कंपनियों के मालिक रिटायर्ड सरकारी अधिकारी हैं। वे बिना किसी विस्तृत जांच के अपने घरों से गूगल पर काम करते हैं। हमारी सरकार डीपीआर मिलने के बाद केवल टेंडर जारी करने का काम करती है। आमतौर पर मंत्री टेक्निकल शब्दों को नहीं समझ पाते, इसलिए हमें ऐसे लोगों को हायर करना पड़ता है। कुछ बड़ी कंपनियां अपने फायदे के हिसाब से डीपीआर बनवा लेते हैं।

गडकरी ने कहा कि सरकार में कोई भी निर्णय लेने के लिए जॉइन्ट सेक्रेटरी, अंडर सेक्रेटरी हमारे मार्गदर्शक और फिलोसॉफर होते हैं। वे फाइल पर जो भी लिखते हैं, उस पर डायरेक्टर जनरल के साइन होते हैं। अंतिम में मंत्री भी साइन करता है। इस तरह पूरा रामराज्य चलता है। 12 अगस्त को शिमला के चलोंठी में निर्माणाधीन टनल गिर गयी। इसके बाद टनल का निर्माण कर रही कंपनी सवालों के घेरे में आ गयी। कंपनी नियमों को ताक में रखकर फोरलेन का काम कर रही थी। टनल के गिरने का वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर अनुपम कश्यप ने कंपनी के खिलाफ मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं।

बिहार में पर्यटन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गया-राजगीर-नालंदा-बिहारशरीफ (नेशनल हाइवे-82) को केंद्र सरकार 4 लेन बनवा रही है। बिहार सरकार की एजेंसी बिहार राज्य पथ विकास निगम ने बौद्ध सर्किट वाले इस अहम रास्ते को चौड़ा करने की जिम्मेदारी ली है।

लेकिन बीएसआरडीसी इस सड़क को 8 साल से बना रही है। हालत यह है कि हाइवे की लागत 1408 करोड़ से बढ़कर 2138 करोड़ पर पहुंच गई है। इसे बनाने के लिए जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जीका) ने फाइनेंस किया है।

# तेलंगाना-आंध्र में बारिश-बाढ़ से 33 की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पिछले 3 दिनों से भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ आ गई है। दोनों राज्यों में अब तक 33 लोगों की मौत हुई है। इनमें 17 लोग आंध्र और 16 तेलंगाना के थे। सोमवार (2 सितंबर) की दोपहर तक लगभग 432 ट्रेनें कैंसिल की गईं। 139 ट्रेनों को डायवर्ट किया गया। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि उन्होंने अपने 50 साल के पॉलिटिकल करियर में यह सबसे बड़ी त्रासदी देखी है। हुदहुद और तितली साइक्लोन की तुलना में पिछले तीन दिनों की बारिश से ज्यादा नुकसान हुआ है। राज्य में करीब 4.5 लाख लोग प्रभावित हैं।

मौसम विभाग ने मंगलवार (3 सितंबर) को मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित 23 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात के सूरत और भरूच जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट है। आईएमडी ने अगले 3 दिनों में गुजरात में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

आंध्र प्रदेश में करीब 4.5 लाख लोग बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। विजयवाड़ा, एनटीआर, गुंटूर, कृष्णा, एलुरु, पालनाडु, बापटला और प्रकाशम में हालात सबसे बुरे हैं। एसडीआरएफ की 20 और एनडीआरएफ की 19 टीमें राहत और बचाव में लगी हैं।

# सीएम मोहन यादव के पिता का निधन, 100 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिताजी श्री पूनमचंद यादव का आज रात निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका उज्जैन के एक निजी अस्पताल में इलाज भी चल रहा था। श्री यादव की मौत का समाचार जैसे ही प्रदेश व शहर में पहुंचा, वैसे ही चारो ओर शोक की लहर छा गई। बताया जाता है कि पूनमचंद यादव पिछले एक सप्ताह से अस्वस्थ थे और उनका फ्रीगंज स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनकी अस्वस्थता को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनके बेटे डॉक्टर मोहन यादव भी उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे थे। यही नहीं सोमवार को शाही सवारी में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाआर्यमन भी उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे थे, जहां उन्होंने बाबूजी की कुशलक्षेम पूछी थी।

# सीबीआई केस में केजरीवाल की हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 11 सितंबर तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर भी संज्ञान लिया और केजरीवाल को समन जारी किया।

सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल, दुर्गेश पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर, सरथ रेड्डी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। कोर्ट ने आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए 11 सितंबर तक का समय दिया है।

27 अगस्त को कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। तब केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते, यानी 3 सितंबर तक ही हिरासत बढ़ाई थी।

सीबीआई ने 30 जुलाई को चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल को आरोपी बनाया गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया गया कि केजरीवाल शराब नीति घोटाले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं। सीबीआई को राउज एवेन्यू कोर्ट से 23 अगस्त को केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली थी।

# पेसा एक्ट अंतर्गत ग्राम सभा सशक्तिकरण के प्रयास जरूरी : पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पेसा अंतर्गत ग्राम सभाओं को प्रभावी बनाने के लिए उनको हैन्ड होल्डिंग सपोर्ट उपलब्ध कराने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाना चाहिए। सभी ग्राम सभाओं द्वारा पेसा एक्ट के प्रावधानों का सफलता पूर्वक उपयोग किया जाए। समुदाय विकास के पथ पर समान रुप से सबके साथ आगे बढ़े। इस संबंध में जन-जागृति के साथ जन-जागरण के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए।




राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में चर्चा कर रहे थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह भी मौजूद थी।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण निरीक्षण और अन्वेषण के कार्यों की निरंतरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्माण कार्य के निरीक्षण के साथ ही आवंटित राशि के उपयोग का पर्यवेक्षण जरूरी है। साथ ही आवास की डिजाइनिंग, हवा और रोशनी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जमीनी हकीकतों और व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधानों का अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट के तहत ग्रामसभा के सशक्तिकरण प्रयासों पर विशेष बल दिया जाए। ग्राम सभाओं को उनके अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। जरूरी है कि ग्रामसभा सशक्तिकरण के कार्य सकारात्मक दृष्टिकोण और नवीन विचारों के साथ योजनाबद्ध ढंग से किए जाएं।

राज्यपाल श्री पटेल ने टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति वर्ष 2025 तक करने के लिए पूर्ण एकाग्रता के साथ प्रयासों की जरूरत बताई। क्षय रोगियों को पोषण आहार की उपलब्धता के लिए निक्षय मित्र योजना को विस्तारित करने के लिए कहा है। इस कार्य में व्यापारिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास प्रयासों पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पी.एम. जनमन) अभूतपूर्व पहल है। योजना की मंशा विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन को खुशहाल बनाना है। योजना की सफलता के लिए जरूरी है कि संवेदनशील दृष्टिकोण और गुणात्मक गुणवत्ता के साथ विकास के कार्य किए जाएं।

बैठक में राज्यपाल श्री पटेल को बताया गया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में देश में पहली सड़क और आवास पूर्ण करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। विभाग द्वारा निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले आवासों के पर्यवेक्षण और निरीक्षण का स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एस.ओ.पी.) भी तैयार कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री मुकेश चंद गुप्ता, राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, संचालक पंचायतराज श्री मनोज पुष्प एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# परिषद की बैठक में नवजीवन विहार पाइप लाइन को लेकर जमकर हुआ हंगामा

## परिषद अध्यक्ष ने आधे घंटे के लिए स्थगित की बैठक फिर आयुक्त ने सब इंजीनियर को किया निर्लंबित

सिंगरौली




नगर पालिका निगम सिंगरौली कि आज मंगलवार को परिषद अध्यक्ष देवेश पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक मैं प्रश्नोत्तरी चलती इसके पूर्व ही पार्षद परमेश्वर पटेल ने नवजीवन विहार पाइपलाइन को लेकर आवाज उठाई। पार्षद की आवाज इतना मुखर हुई की। नवजीवन विहार पाइपलाइन घोटाला को लेकर पार्षदों ने जमकर निगम में अधिकारियों की कार्यप्रणाली और अनियमितता को लेकर बवाल किया। जिसके वजह से परिषद अध्यक्ष ने आधे घंटे के लिए परिषद की बैठक को स्थगित करते हुए कहा कि जब तक नगर निगम आयुक्त नवजीवन विहार घोटाले को लेकर कोई बड़ा निर्णय नहीं लेंगे तब तक यह परिषद की बैठक नहीं चलेगी।

इधर बता दे की नगर निगम सिंगरौली की परिषद बैठक प्रारंभ हुई। जहां पार्षद परमेश्वर पटेल ने प्रश्नोत्तरी के पहले ही शिवाजी कांप्लेक्स नवजीवन विहार पाइपलाइन को लेकर नगर निगम कमिश्नर और अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिए। पार्षद ने कहा कि शिवाजी कांप्लेक्स पाइपलाइन में जमकर घोटाला हुआ है 4 लाख के निर्माण कार्य को 38 लाख का भुगतान कैसे हो गया। 3 महीने से जांच चल रही है अभी तक जांच पूर्ण क्यों नहीं हो पाई। इसका जवाब दिया जाए इसके बाद ही परिषद की बैठक चलेगी। पार्षद के सवालों को लेकर नगर निगम परिषद अध्यक्ष देवेश पांडे ने सहमत जताते हुए कहा कि आयुक्त पार्षद के सवाल का जवाब दें। तब आयुक्त डीके शर्मा ने कहा कि पाइपलाइन की शिकायत पार्षदों के माध्यम से प्राप्त हुई थी। जिसकी जांच कराई गई है। रिपोर्ट भी आ गई है। आठ अधिकारियों और संविदा कार को नोटिस जारी की गई है।जहां दो अधिकारियों का जवाब प्राप्त हुआ है और अन्य लोगों का जवाब अभी तक नहीं प्राप्त हुआ है। अब इन अधिकारियों को आरो जारी किया जाएगा। जो एमआईसी में जाएगा। एमआईसी इस पर निर्णय लेगी। आयुक्त के इस जवाब से परिषद अध्यक्ष नाखुश हो गए और आधे घंटे के लिए परिषद की बैठक को स्थगित करते हुए कहा कि जब तक इन अधिकारियों के खिलाफ आरो नहीं जारी किया जाएगा। तब तक परिषद की बैठक नहीं चलेगी।

### सब इंजीनियर को किया निर्लंबित , एसडीओ का छिना प्रभार

परिषद बैठक स्थगित के बाद नगर निगम आयुक्त कुछ पल के लिए भौच्चके रह गए। उन्हें लग रहा था कि अब क्या करें। इसके बाद परिषद हाल से निकले और अपने कमरे में चले गए। अब उन्हें अपने आप को बचाना था इसलिए आयुक्त ने बिना कुछ सही निर्णय लिए ही तत्काल सब इंजीनियर अनुज सिंह को तत्काल निलंबित कर दिया और एसडीओ पीके सिंह का सभी प्रभार छीन लिया गया। परिषद की बैठक फिर से शुरू हुई तो आयुक्त ने अपनी वाहवाही लूटने के लिए यह फरमान सुना दिया।

### 3 महीने तक आयुक्त क्यों दबाए रहे फाइल

बताया जाता है कि यह निर्माण कार्य नवजीवन विहार का तत्कालीन आयुक्त शिवेंद्र सिंह धाकरे के कार्यकाल का था। लेकिन उसी समय तत्कालीन आयुक्त का स्थानांतरण हो गया था और उनकी जगह पर आयुक्त डीके शर्मा आ गए थे जिसके चलते भुगतान की फाइल पेंडिंग पड़ी हुई थी। जब फाइल साइन करने के लिए आयुक्त डीके शर्मा के पास पहुंची तो 38 लाख का मामला देखकर आयुक्त भी फाइल साइन करने के मूड में नहीं थे। लेकिन जब सब कुछ समझ गए की लेखा-जोखा कैसे होता है तो फाइल में साइन कर दिए। इधर अध्यक्ष देवेश पांडे ने नवजीवन विहार पाइपलाइन निर्माण कार्य को लेकर जांच की मांग की तब आयुक्त की नींद खुली और जांच कराने लगे। 3 महीने का समय बीत गया आखिर आयुक्त जांच के नाम पर क्या कर रहे थे। लोगों की बातों पर गौर करें तो पूरे मामले में सब इंजीनियर, एसडीओ, कार्यपालन यंत्री भर दोषी नहीं है इस खेल में आयुक्त की भी बराबर की सहभागिता मानी जा रही है।

### निलंबन और प्रभार छीनने को लेकर तरह-तरह की चर्चा

नवजीवन विहार पाइपलाइन निर्माण कर घोटाले को लेकर नगर निगम के अधिकारी पहले कहते थे कि सभी कार्य सही हुए हैं बिल ठीक बनी है लेकिन जब मामले में पेंच फंसा तो इनके सुर ही बदल गए। बताया जाता है कि 38 लाख 33 हजार 722 रुपए का भुगतान किया गया था। जांच में पाया गया कि लगभग 7 लाख 14 हजार का काम हुआ है। सूत्र तो यह दावा करते हैं कि नगर निगम कमिश्नर अपने आप को बचाने के लिए सब इंजीनियर और एसडीओ को बलि का बकरा बनाएं। लेकिन आयुक्त की इस कार्यवाही से तरह-तरह की चर्चा होने लगी है।

# घर के आंगन में लहलहा रहा था गांजा का पेड़



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सासन चौकी प्रभारी ने क्षेत्र के ग्राम बसौडा महुअहवा टोला में कार्यवाही करते हुए गांजे के लहलहाते पौधों के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा गांजे के पौधे अपने घर के आंगन में लगाए गए थे। जानकारी अनुसार सासन चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियंका मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बसौडा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से गांजे के पौधे घर के आंगन में लगाए गए हैं। जिसकी सूचना उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं सीएसपी पी एस परस्ते के मार्गदर्शन व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में उपनिरीक्षक व उनकी टीम ने ग्राम बसौडा में रेड कार्यवाही कर आरोपी रमाकांत केवट पिता विश्वनाथ केवट उम्र 45 वर्ष' के घर से करीब 30 हजार कीमत के 4 किलो 98 ग्राम वजनी दो गांजे के पौधे बरामद कर आरोपी के विरुद्ध 8/20 ए एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियंका मिश्रा, सउनि विजय अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक अमित जायसवाल, संतोष साकेत, मोहम्मद कौसर एवं आरक्षक मुनेंद्र मिश्रा की भूमिका रही।

# चार वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



सिंगरौली। महिला थाना पुलिस ने चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी प्रियंका शर्मा ने की है। जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को आवेदिका ने महिला थाने मे आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि विकाश शाह पिता गोविंद प्रसाद शाह निवासी जिलानी मोहल्ला बैढन् का आवेदिका की नाबालिग बच्ची जिसकी उम्र महज 4 वर्ष है उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है । जब पीड़िता रोते रोते अपनी मां के पास आई और इशारे से बताई तब आवेदिका अपनी बच्ची को लेकर थाना रिपोर्ट करने आई। जहां पुलिस ने आरोपी विकाश शाह पिता गोविंद प्रसाद शाह के खिलाफ विभिन्न् धाराओ में प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त करने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त होने पश्चात जिला जेल पचौर मे सुपुर्द किया गया ।

# अपर कलेक्टर ने की 225 आवेदन पत्रो पर जनसुनवाई

## जन सुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रो का त्वारित निराकरण करे विभागीय अधिकारी



सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आएं हुये 225 व्यक्तियों के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर अपर कलेक्टर अरविंद झा एवं पीके सेन गुप्ता को अवगत कराते हुये अपना आवेदन पत्र दिया गया। जन सुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुये कई आवेदनो का निराकरण जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन पत्र जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही कराया जा सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिया गया कि समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। अपर कलेक्टर ने निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय अधिकारी जन सुनवाई मे प्राप्त आवेदन पत्रो का तत्परता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि संबंधित आवेदनकर्ता के समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित हो सके। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# घटना में शामिल सभी आरोपियों को मिलेगी कड़ी सजा : डीआईजी



सिंगरौली। जिले के सरई थाना क्षेत्र के गन्नई गांव में विगत दिवस इन्द्रपाल अगरिया पिता रामलाल अगरिया की मृत्यु हो गई थी। रीवा संभाग के डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। डीआईजी ने मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी दी । डीआईजी ने कहा की घटना में जो भी व्यक्ति शामिल हैं उन्हें पुलिस शीघ्र गिरफतार कर पुलिस जेल भेजेगी ,सभी आरोपियों को सजा दी जायेगी। कथित आरोपियों को बंदी बनाने एवं बंदी बनबाने में सूचना या सहयोग करेगा उसे 10000 रूपये का इनाम दिया जायेगा। उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा । इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा , जिला खनिज अधिकारी एके राय, एसडीओपी राहुल सैयाम,नायब तहसीलदार अमित मिश्रा, सहायक खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस का अमला उपस्थित रहा ।

# प्रदेश के लाखो लाडली बहनों के खाते में कल मुख्यमंत्री आंतरित करेंगे राशि

सिंगरौली। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता उनके स्वास्थ्य में निरंतर अपेक्षित सुधार और अपने परिवार के फैसलों में उनकी प्रभावी भूमिका को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लाडली बहना योजना लाई गई है। इस योजना के अंतर्गत लाखों महिलाओं को मिल रहा है। बता दें कि इस योजना के तहत महिलाओं को 1250 रुपए प्रति माह दिए जाते हैं। सितम्बर माह की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा के महीने की 5 तारीख को आंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा विगत अगस्त माह रंक्षाबंधन पर्व के दौरान अपनी बहनो को 250 रूपये की राशि भी रक्षाबंधन के उपहार स्वरुप भेजी गई थी।

# मृतक के परिजनों से मिले कलेक्टर, दी सांत्वना

## इस दुःखद घड़ी में आदिवासी परिवारों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार : कलेक्टर



सिंगरौली। विगत दिवस ग्राम गन्नई तहसील सरई में इन्द्रपाल अगरिया पिता रामलाल अगरिया के घर पहुंचकर कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने परिजनो को सांत्वना दिया एवं कहा कि इस दुःखद घडी में आदिवासी परिवारों के साथ प्रदेश सरकार खड़ी है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस घटना को दुख व्यक्त करते हुए निर्देश दिये है कि आदिवासी परिवारों से मिलकर हर संभव मदद करें। कलेकटर ने मृतक के पिता एवं माता बच्चों के साथ मिलकर उनका ढाढ़स बधाया एवं भरोसा दिया कि जिला प्रशासन आपके साथ है। किसी से डरने या भय करने की जरूरत नहीं है। 8 लाख 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि के स्वीकृति के संबंध में अवगत कराया ।

# नव प्रवाह समित के अध्यक्ष ने पिता की पुण्य तिथि में बच्चों को बाटा स्कूल बैग



सिंगरौली। समाज सेवा के लिए समर्पित नवप्रवाह समिति के अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने अपने पिता स्वर्गीय रेंजर जेएल शर्मा की सातवीं पुन्य तिथि के अवसर पर स्कूली बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। पिता के पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र श्री द्विवेदी ने 3 स्कूल शासकीय माध्यमिक विद्यालय गडरिया, विद्यालय गुल्लीडाड़ और प्राइमरी विद्यालय कुल्हिहवा में जाकर पढ़ने वाले सभी बच्चों को स्कूल बैग देकर स्वल्पाहार कराया, उक्त अवसर पर स्कूल स्टाफ, कमलेश पांडे पूर्व सरपंच गड़रिया, अभयराज तिवारी, सचिव राजेंद्र सिंह गोड , नवीन मिश्रा, पुष्पेंद्र नामदेव,मोहम्मद मुजम्मिल, मनीष दुबे, अरुण गौतम, मेवालाल केवट,सोनू गोड सहित कई लोग मौजूद रहें।

# पुलिस छावनी में तब्दील हुआ ग्राम गन्नई

## जिले के प्रभारी मंत्री व सभी आला अफसर पहुंचे मृतक के घर



सिंगरौली। पुलिस चौकी बरका के थाना सरई अंतर्गत बीते दिवस ग्राम गन्नई में रेत माफियाओं द्वारा एक आदिवासी किसान को ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया था। जिस पर पुलिस राजनीतिक संरक्षण के चलते अपराधियों पर मुकदमा दर्ज करने में हीला हवाली की जा रही थी जिसके दरमियान कांग्रेसियों व आम नागरिकों द्वारा सर ई थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया गया तक कहीं जाकर पुलिस एफ आईआर दर्ज की है इसी मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सिंगरौली के अधिकारियों को अपराधियों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए।

उसी क्रम में आज सुबह मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल मृतक इंद्रपाल अगरिया पिता रामलाल अगरिया के परिजनों से मिलने पहुंचे परिजनों से मिलने के बाद कमलेश्वर पटेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर के सामने धरने पर बैठ गए। धरने में कांग्रेस के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जिला पंचायत सिंगरौली के अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह, अरविंद सिंह चंदेल, राजकुमार दीपांकर, रामबालक दुबे,मनोज सिंह चौहान सहित जिले के कई दिग्गज शामिल हुए। उधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तियां हुई के व क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मेश्राम अमृत एक के परिजनों से मिलने पहुंच चुके हैं। इसके अलावा सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, रीवा जोन के डीआईजी भी परिजनों से मिले और हर संभव मदद करने की बात कही एवं पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

आज धरने पर बैठे कांग्रेसियों का आप है कि पुलिस अपने बचाव के लिए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सहयोग करने वाले को?10000 इनाम घोषित किया यह सब दिखावा। धरना प्रदर्शन में बैठे पूर्व मंत्री पटेल द्वारा शासन प्रशासन को साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि आरोपियों को जब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा कहा गया की 24 घंटे के अंदर अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा तब कहीं जाकर पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में चलने वाला धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा किए।

# नगर निगम आयुक्त ने सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियो की बैठक लेकर दिये महत्वपूर्ण निर्देश

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा निगम अधिकारी सभागार में सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियो की समीक्षा बैठक आयोजित विस्तृत निर्देश दिये गये।निगमायुक्त के द्वारा शहर की सड़को से आवारा मवेशियो को हटाने के संबंध में निर्देश दिये गये कि 4 दिवसीय अभियान चलाकर सहायक यंत्री अपने अपने जोन से मवेसियों को हटवाने की कार्यवाही करे तथा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे कि उनके जोन में आवारा मवेसी सड़को में विचरण नही कर रहे है। निगमायुक्त के द्वारा मुक्तिधाम गनियारी में तार की बाड़ लगाने के भी निर्देश दिये। इसके साथ वहा रहने वाले मवेसियों के लिए चारे भूसे एवं पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। अवारा मवेसियो को सड़क से हटने के चार दिवसीय अभियान के तहत प्रथम दिवस तेलगवा बार्डर से गनियारी तक के सड़क में आवारा विचरण कर रहे मवेसियों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। तथा दूसरे दिवस जयंत से गनियारी तक तथा तीसरे दिन तेलाई मोड़ से लेकर परसौना तक आवारा पशुओ को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान के अंतिम दिन मोरवा जोन के सड़को से आवारा मवेसियो को सड़को से हटाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने शहरी क्षेत्र के सड़को की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये सहायक यंत्री एवं उपयंत्री अपने अपने क्षेत्रो के सड़को का सर्वे करे तथा वर्षा के कारण जहा पर सड़के क्षतिग्रस्त हो गई उनकी तत्काल मरम्मत कराये। साथ निर्देश दिया गया कि शहरी क्षेत्र में किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करे।बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, प्रवीण गोस्वामी, उपयंत्री पीके सिंह सहित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी 236 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## दशरथ और दानबहादुर को सहायक उपकरणों की सौगात





सीधी

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेश शाही द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 236 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।

जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

जनसुनवाई में ग्राम खिलखोरी से आए दिव्यांग दशरथ यादव ने कभी नहीं सोचा था कि उनकी समस्या का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा और उन्हें सहजता से इसका लाभ प्राप्त होगा। दशरथ ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पैर से विकलांग होने के कारण वे चलने में असक्षम है। जिससे उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। यदि हमें ट्राई सायकल और वैशाखी प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगी और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

ऐसे ही जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीधी ग्राम माटा से आए दानबहादुर सिंह ने अपर कलेक्टर को बताया कि बीमारी के कारण पैर से विकलांग हो जाने के कारण वे चलने में असक्षम है। वे गरीब परिवार से है वैशाखी खरीदने सक्षम नही है घर में या कही भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि हमें बैशाखी प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

उक्त दोनो आवेदकों की शारीरिक स्थिति को देखते हुए अपर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दशरथ को ट्राई साईकिल एवं वैशाखी और दानबहादुर को वैशाखी प्रदान कराई। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर को

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायाधीशगण एवं जिला अधिवक्ता संघ के साथ की बैठक



**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 सितंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। 14 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु मंगलवार 03 सितंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण तथा आवेदक अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती सोनम शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह, प्रखर अग्रवाल, अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री सूर्यकांत पाण्डेय, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री जयसिंह बघेल, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री परमसुख शुक्ला, श्री रामभजन गुप्ता, श्री ब्रमहर्षि पाण्डेय, श्री उत्तम सिंह चौहान सहित जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 05 सितम्बर को विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि 132/33 केव्ही उपकेन्द्र सीधी में 40 एम.व्ही.ए. भेल एक्समर एट 220 केव्हीए एस/एस सीधी का शेष प्री-मानसून मेन्टीनेंश एवं टेस्टिंग कार्य कराने हेतु दिनांक 05.09.2024 को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। उन्होने बताया कि दिनांक 05.09.2024 को 220 के.व्ही.ए. उपकेन्द्र सीधी से निकलने वाली 33 के.व्ही.ए. सेमरिया, 33 के.व्ही.ए. जेपी.- प् एवं 33 के.व्ही.ए. जे.पी.- प्प् 33 के.व्ही.ए. मड़वास एवं 33 के.व्ही.ए. सिहावल से संबंधित सभी उपकेन्द्र सटडाउन के दौरान बन्द रहेंगे।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से जीवन स्तर में हो रहा सुधार : दुर्गा



**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी निवासी दुर्गा द्विवेदी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ पाकर बेहद खुश है। दुर्गा का कहना है कि यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार ला रही है और हमारे जीवन निर्वाह में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना से मिलने वाले रूपयों का उपयोग वह बच्चों की पढ़ाई और उनके खर्चे को पूरा करने में कर रही हैं। साथ ही अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी सहजता से कर पा रही हैं । अब उन्हें पैसे के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती। बच्चे जब भी किसी चीज के लिए बोलते है वह उन्हें आसानी से दिला पाते हैं। खुशी की बात तो यह है कि हर महीने के निर्धारित तारीख को यह पैसा खाते में आ रहा है। लाडली बहना योजना के कारण अब अपने खर्चे के लिए घर के सदस्यों से पैसे मांगने की जरूरत नहीं पड़ती है। दुर्गा का कहना है कि मुख्यमंत्री जी ने हम बहनों के लिए इस योजना को लागू कर बहुत बड़ा सराहनीय काम किया है।

# आत्मा परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का किया गया आयोजन

## कृषकों की समास्याओं का किया गया निदान



**सीधी।** आत्मा परियोजना अंतर्गत सीधी जिले में सोमवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीधी के कार्यालय में जिला स्तरीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें सीधी जिले के सभी विकासखंडों के कुल 50 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत कृषि वैज्ञानिक डॉ अलका सिंह, अमृता तिवारी, महेंद्र सिंह बघेल सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सीधी तथा कृषकों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया। परिचर्चा में किसानों को उनके खेत में आने वाली समस्याओं की तकनीकी जानकारी से वैज्ञानिकों द्वारा निदान किया गया।

विभाग की योजनाओं के संबंध में उप संचालक कृषि सह परियोजना योजना संचालक आत्मा एस.के. श्रीवास्तव द्वारा विभाग में संचालित की जाने वाली योजनाओं तथा उसके लाभ के लिए एमपी किसान एप के पोर्टल में कैसे पंजीयन कराया जाए की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। किसानों को नैनो यूरिया के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीकी का उपयोग करने पर जोर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग सीधी द्वारा इस महीने चलाए जा रहे पोषण अभियान के तहत किसानों को अपने स्वास्थ्य, अपने परिवार के स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए पोषण की भूमिका पर डॉ अलका सिंह कृषि विज्ञान केंद्र सीधी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उप परियोजना संचालक आत्मा गीता पटेल, तकनीकी सहायक बंटी लाल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री कुशवाहा, सेवानिवृत्ति कृषि विकास अधिकारी भागवत पाठक भी उपस्थित रहे।

# बदेला में खेत पाठशाला का किया गया आयोजन



**सीधी।** सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा परियोजना अंतर्गत 31 अगस्त को सीधी जिले के सिहावल विकासखंड के ग्राम बदेला में खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पाठशाला में स्थानीय कृषकों को खेती में आने वाली समस्याओं के बारे में सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक श्री महेंद्र सिंह बघेल द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। विकासखंड तकनीकी प्रबंधक सोनम सिंह द्वारा किसानों को विभागीय योजना का लाभ कैसे लें, के बारे में अवगत कराया गया। किसानों को अपनी खड़ी फसल में नैनो यूरीया के छिड़काव तथा इसके लाभ व ड्रोन तकनीकी के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई।

# लाडली बहना योजना की राशि से मुन्नी साकेत ने किया सुख-सुविधाओं का विस्तार



**सीधी।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन से घरेलू महिलाओं की जरूरतों के साथ उनके सपने भी पूरे हो रहे हैं। उनके और परिवार के जीवन स्तर में बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-24 में रहने वाली मुन्नी साकेत की कहानी भी कुछ इसी प्रकार है। लाडली बहना की राशि जोड़कर मुन्नी ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही घर की सुविधाओं में विस्तार कर लिया है। मुन्नी साकेत बताती हैं कि पहले उन्हें अपनी तथा बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में परिवार वालों पर आश्रित रहना पड़ता था। मुन्नी ने बताया कि पति मजदूरी करते हैं। उनके पैसे के साथ अपने पैसे को मिलाकर घर के खर्चा के साथ कूलर और पंखा खरीद कर खुशी से जीवन यापन कर रही हूं। प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन, खाद्यान्न तथा आयुष्मान कार्ड का लाभ भी प्राप्त हुआ है। मुन्नी साकेत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दिया है।

# जिला पशु कल्याण समिति, गौपालन एवं पशु संवर्धन समिति तथा आवारा पशु नियंत्रण समिति की बैठक सम्पन्न



**सीधी।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 02.09.2024 को जिला पशु कल्याण समिति, गौपालन एवं पशु संवर्धन समिति एवं आवारा पशु नियंत्रण समिति की बैठक अपर कलेक्टर राजेश शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होने बताया कि जिला पशु कल्याण समिति के एजेण्डा अनुसार प्रस्तावों का एवं आज दिनांक तक के आय-व्यय का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। गौपालन एवं पशु संवर्धन समिति के एजेण्डो का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया तथा आवारा पशु नियंत्रण समिति में एजेंडों के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित



**सीधी।** प्रतिवर्ष की भांति पोषण माह अभियान के तहत माह सितम्बर को पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। पोषण अभियान गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण को समग्र रूप से बेहतर बनाने का प्रयास करता है। व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान के वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। पोषण आधारित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं को संचालित करने वाले सभी विभागों, स्वैच्छिक संगठनों, अन्य स्टेक होल्डर के साथ समन्वय से राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन जनआंदोलन के रूप में किया जाना है।

भारत सरकार द्वारा एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी), बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी थीम पर पोषण माह 2024 (01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक) के सफल आयोजन के हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में सहयोगी विभाग प्रमुखों के साथ अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। समन्वय बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही द्वारा समस्त सहयोगी विभाग प्रमुखों को उक्त समयावधि में आयोजित की जाने वाली सप्ताहिक गतिविधियों में आवश्यक सहयोग दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी द्वारा पोषण माह 2024 (01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक) में आयोजित की जाने वाली सप्ताहिक गतिविधियों के बारे में सहयोगी विभाग प्रमुखों अवगत कराया गया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस मझौली प्रखण्ड में संपन्न



**सीधी।** विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस समारोह दिवस मझौली प्रखण्ड में सरस्वती विद्यालय में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम भगवान राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता अंकित सोनी, मुख्य वक्ता गणेश सिंह जिलाध्यक्ष, विशिष्ठ अतिथि रवि राय बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष, भास्कर सिंह, राम सिंह मंच संचालन जिला मंत्री अनिल कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

अंकित सोनी ने प्रस्थापना में कहा विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधना शाला में एक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। इस सम्मेलन में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सम्मेलन में गोलवलकर ने कहा कि भारत के सभी मतावलंवियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू, हिन्दुस्तानियों के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है और यह धर्मों से ऊपर है। मुख्य वक्ता गणेश सिंह ने कहा सम्मेलन में तय हुआ कि प्रस्तावित संगठन का नाम विश्व हिंदू परिषद् होगा। 1966 के प्रयाग के कुंभ मेले में एक विश्व सम्मेलन के साथ ही इस संगठन का स्वरूप सामने आया। आगे यह फैसला किया गया कि यह गैर राजनीतिक संगठन होगा और राजनीतिक पार्टी का अधिकारी विश्व हिंदू परिषद का अधिकारी नहीं होगा। संगठन के उद्देश्य और लक्ष्य कुछ इस तरह तय किए गए हिंदू समाज को मजबूत करना। हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्द्धन और प्रचार विदेशों में रहने वाले हिंदुओं से तालमेल रखना, हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित करना और मदद करना है। पंकज तिवारी ने आभार प्रकट किया गया। मझौली प्रखण्ड पुरोहितों का अंग वस्त्र से सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला सह मंत्री लवकेश चतुर्वेदी, प्रखण्ड अध्यक्ष अंकित सोनी, प्रखण्ड मंत्री मनीष मिश्रा, प्रखण्ड सह मंत्री रीतेश मिश्रा, प्रखण्ड संयोजक कपिल केसरी, प्रखण्ड सह संयोजक पंकज तिवारी, प्रदीप भैया, खण्ड अध्यक्ष चन्द्रेश नाथ तिवारी, अनुराज विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, शनि गुप्ता, भानु सुक्ला, संजय तिवारी, आदर्श दुबे, संदीप द्विवेदी, मनीष शुक्ला, सचिन तिवारी, प्रिंस शुक्ला, आर्यन द्विवेदी, प्रदीप भईया, रोहित तिवारी, विकाश सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धीरेश मिश्रा प्रचार प्रसार प्रमुख द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### टिकट नहीं दिया तो कांग्रेस में चला जाऊंगा, हरियाणा भाजपा के दिग्गज का खुला ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी की टेंशन बढ़ाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने दावा कर दिया है कि अगर उन्हें टिकट नही दिया गया, तो वह कांग्रेस का दामन थाम लेंगे। वह राज्य की हाईप्रोफाइल सीट बादशाहपुर से टिकट की मांग कर रहे हैं।



खास बात है कि इस सीट पर वरिष्ठ नेता सुधा यादव से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व हस्थ समेत कई बड़े नेता दावेदारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंह ने साफ कर दिया है कि वह इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, साल 2019 में मुझे टिकट नहीं मिला था। इस बार मैं निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैदान में सिर्फ दो ही पार्टियां हैं। तो अगर भाजपा मुझे टिकट नहीं देती है, तो मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। सिंह का दावा है कि बादशाहपुर विधानसभा सीट से वह ही जीतने वाले उम्मीदवार हैं। खबरें हैं कि पूर्व सांसद सुधा यादव विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहीं हैं। वह बादशाहपुर सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। ऐसे में नरबीर सिंह को टिकट मिलने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक पार्टी ने टिकट का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा गुरुग्राम सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंदरजीत सिंह भी बादशाहपुर और अहिरवाल के टिकट वितरण में सक्रिय नजर आ रहे हैं। साल 2019 में हार का सामना करने वाले मनीष यादव भी टिकट की तलाश में हैं। वहीं खट्टर के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव भी यहां एक्टिव हैं। इनके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल यादव भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि, जवाहर यादव साफ कर चुके हैं कि वह पार्टी की विचारधारा के साथ काम करते रहेंगे। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं। रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार अनुसूचित जाति के सदस्य, 35 हजार ब्राह्मण और 30 हजार पंजाबी हैं।

### उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिले कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव, मेयर चुनाव फिर से कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को उपराज्यपाल से मुलाकात की और मेयर चुनाव फिर से कराने की मांग की। आईएएनएस से खास बातचीत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से हुई मुलाकात को लेकर देवेंद्र यादव ने बताया हमने उपराज्यपाल से मौजूदा मेयर को बर्खास्त कर जल्द से जल्द चुनाव कराकर किसी एससी को मौका देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिल्ली कॉर्पोरेशन के एक्ट में एक प्रावधान है कि तीसरा साल एससी के लिए रिजर्व होता है। लेकिन 31 मार्च के बाद तीसरा टेन्योर शुरू हो चुका है, इसके बावजूद मेयर साहिबा अपने पद पर अवैध तरीके से बनी हुई हैं। ये एससी लोगों के हक पर कुठाराघात है। दिल्ली के ओखला विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक एवं वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अमानतुल्लाह खान को सोमवार को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ईडी ने उनको मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। मै समझता हूं कि जांच एजेंसी इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर जो सही रास्ता होगा, उसको अख्तियार करेगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को जमानत मिलने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जमानत सभी का कानूनी अधिकार है, इसी के तहत विभव कुमार को जमानत मिली है।

### आप-कांग्रेस हरियाणा में भी साथ लड़ेंगे चुनाव? गठबंधन के मूड में हैं राहुल गांधी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के मूड में है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन खबरें हैं कि सांसद राहुल गांधी आप के साथ गठबंधन करना चाहते हैं। कहा जा रहा है कि इस संबंध में उन्होंने हरियाणा के कांग्रेस नेताओं से बात भी की है। इससे पहले आप और कांग्रेस दिल्ली, चंडीगढ़ समेत कई क्षेत्रों में साथ मिलकर मैदान में उतर चुकी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से गठबंधन करना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (छश्वछ) की बैठक के दौरान उन्होंने हरियाणा कांग्रेस के नेताओं से आप संग गठबंधन की संभावनाओं पर राय भी पूछी थी। हालांकि, अब तक इसे लेकर कांग्रेस की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इससे पहले एक इंटरव्यू के दौरान कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद कुमारी शैलजा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप के साथ गठबंधन की संभावनाओं से इनकार कर दिया था। शैलजा का कहना था कि कांग्रेस राज्य में मजबूत है और अकेले ही चुनाव लड़ेगी। इधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहले कह चुके हैं कि आप हरियाणा की 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सीईसी बैठक के दौरान हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 34 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया।

# बीजेपी एनसीपी में 21 सीटों पर फंस रहा पेच, उम्मीदवारी खतरे में देख नेता बदल रहे पाला

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति गठबंधन में सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। लेकिन यहां भाजपा और एनसीपी के बीच 21 सीटों पर पेच फंस गया है। यह वो 21 सीटें हैं जिन पर 2019 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों में काफी करीबी मुकाबला हुआ था। इनमें से अधिकतर सीटें पश्चिमी महाराष्ट्र से हैं और दोनों ही पक्ष इन सीटों पर दावा ठोक रहे हैं। इसको लेकर अंदरूनी संघर्ष भी देखने को मिल रहा है और दोनों दलों के नेताओं को एक-दूसरे की आइडियोलॉजी रास नहीं आ रही। दोनों दलों की तरफ से कम से कम चार नेताओं ने खुलकर बोला है। भाजपा के कुछ नेताओं ने तो पार्टी तक छोड़ दी है। चुनाव करीब आने के साथ यह जुबानी जंग और तीखी होने का अनुमान है।



भाजपा के हर्षवर्धन पाटिल, समरजीत घटगे और गणेश हैके ने अपनी बात रखी थी। वहीं, अजीत पवार गुट के सीनियर लीडर रामराजे नाइक निंबालकर ने रविवार को भाजपा के आवाज बुलंद की। पाटिल और घटगे इंदापुर और कागल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की आस लगाए बैठे हैं। यह दोनों सीटें एनसीपी अजीत पवार के पास हैं। अब पाटिल और घटगे इस हफ्ते एनसीपी-शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने वाले हैं। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में पाटिल और घटगे बतौर भाजपा उम्मीदवार इन सीटों पर एनसीपी उम्मीदवार से मुकाबला हार गए थे। इस साल इन दोनों को जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उनसे कहा गया कि इन सीटों पर एनसीपी के सिटिंग एमएलए ही उम्मीदवार होंगे। वहीं, अहमदनगर की लातूर सीट से उम्मीदवारी की आस रखने वाले गणेश हैके ने भी एनसीपी के साथ गठबंधन की आलोचना की है। हैके ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ जाएगी।

कभी शरद पवार के बेहद करीबी रहे निंबालकर अजीत पवार के साथ चले गए थे। अब वह फिर से शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने की धमकी दे रहे हैं। निंबालकर का कहना है कि वह भाजपा नेताओं, रंजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे के साथ सोलापुर और सतारा की स्थानीय राजनीति में कंफर्टेबल नहीं हैं। वह भाजपा और एनसीपी के सियासी समीकरण से भी खुश नहीं हैं। सोलापुर के दो अन्य भाजपा नेता, उत्तमराव जनकर और प्रशांत पारिचरक भी जिले के बदलते समीकरण को देखते हुए शरद पवार गुट की तरफ जाते दिख रहे हैं।

मराठवाड़ा से एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अजीत पवार गुट के 21 विधायकों ने 2019 में भाजपा के खिलाफ जीत हासिल की थी। वहीं, कुछ को बेहद करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि दोनों दल बरसों से चुनावी राजनीति में एक-दूसरे से लड़ते रहें हैं। दोनों की आइडियोलॉजी और वोटर प्रोफाइल अलग है। लोकसभा चुनाव में भी यह बात साबित हो चुकी है। इस भाजपा नेता ने कहा कि पिछले साल जुलाई में अजीत पवार गुट के साथ समझौता करना भी पार्टी के कई नेताओं को रास नहीं आया। अजीत पवार गुट के आने से उनके पास अवसर कम हो गए हैं और वह अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

एक एनसीपी ने कहा कि अविभाजित शिवसेना के खिलाफ 2019 में जीतने वाले 19 एनसीपी विधायक आज अजीत पवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि एनसीपी अजीत पवार के विधानसभा क्षेत्रों में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से जुड़े लोगों की निष्ठा एनसीपी शरद पवार या फिर शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ झुक चुकी है।

उन्होंने कहा कि यह लोग अपनी पार्टी के प्रति उतने वफादार नहीं हैं, जितने भाजपा के नेता अपनी पार्टी को लेकर हैं। एक अन्य भाजपा नेता के मुताबिक कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं कि अजीत पवार आज भी सेकुलर आइडियोलॉजी और मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बात से हमारे परंपरागत वोट बैंक पर काफी असर पड़ा है। इस भाजपा नेता यह भी कहा कि यह स्वीकार्य तथ्य है कि चुनाव करीब आने पर कुछ और नेता भी पार्टी छोड़ेंगे।

## बांग्लादेश में लागू हो सकता है शरिया कानून, युनूस सरकार और बिगाड़ेगी हाल: तसलीमा नसरीन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लेखिका तसलीमा नसरीन का दावा है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ने वाला है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने दावा किया है कि बांग्लादेश में जल्द ही शरिया कानून लागू हो सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ शुरू हुई आंदोलन के दौरान भड़की में 600 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। फिलहाल, मुल्क में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार है। एक अखबार में प्रकाशित इंटरव्यू में जब नसरीन से महिलाओं की स्थिति को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि महिलाओं पर सबसे बुरा असर पड़ सकता है। कट्टरपंथी इस्लावादियों का बढ़ता प्रभाव महिलाओं पर पाबंदियां लगाकर उनके सारे अधिकार छीन लिए जाएंगे और उन्हें शरिया कानून के जरिए नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालयों में लड़कियों को ड्रेस कोड का पालन करने के लिए कहा गया है। इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि क्या शेख हसीना के जाने के बाद महिलाओं के प्रति रवैये में बदलाव आया है, तो उन्होंने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हिजाब/नकाब/ बुर्का को ड्रेस कोड के तौर पर लाया गया है और जल्द ही ऐसा सब सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर शरिया कानून लागू हो गया, तो महिलाओं के पास कोई अधिकार नहीं होंगे। नसरीन ने कहा कि अभिव्यक्ति की कोई आजादी नहीं है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है और शरिया कानून लागू होने के बाद जल्द ही महिलाओं के पास कोई अधिकार नहीं बचेंगे। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हालात और खराब कर देगी, क्योंकि शेख हसीना को हटाए जाने को एक जश्न की तरह मनाया गया था। अगस्त में नसरीन ने कहा था कि जिन इस्लामी ताकतों ने उन्हें बांग्लादेश से बाहर निकाला था, उन्होंने ही शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर किया। तसलीमा को उनकी पुस्तक 'लज्जा' को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद 1990 के दशक में बांग्लादेश से निर्वासित कर दिया गया था।



## नासिक में आधी रात घरों में अंडरवियर गैंग का धावा, चुराया लाखों का सोना, केले भी ले गए साथ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में बीती देर रात कच्छा-बनियान गिरोह बनकर अज्ञात चोरों ने एक घर और कॉलेज से लाखों का माल चंपत कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि एक घर से चोर पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए। चोरों की यह करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में वे अंडरवियर और बनियान पहने हुए हैं। पिछले हफ्ते मालेगांव में इसी तरह की एक अन्य घटना में चोर गाउन पहनकर रिहायशी इलाकों में घुसे थे और एक मंदिर के दानपात्र से पैसे चुराकर भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में चोरों को घर और कॉलेज परिसर में घूमते हुए देखा जा सकता है। चोर इनरवियर पहने हुए हैं। फुटेज में चार चोर दिख हे हैं। उनमें से एक दरवाजा खोलते समय नजर भी आता है। इस कथित अंडरवियर गिरोह ने एक घर और एक कॉलेज में घुसकर करीब 70 ग्राम सोना (कीमत करीब 5 लाख रुपये ) और केले चुरा लिए। चोरों की इस हरकत ने इलाके के लोगों में दहशत फैला दी है। मालेगांव में अंडरवियर गिरोह की धमक गाउन गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के कुछ समय बाद ही हुई है। उस गिरोह को महिलाओं के वेश में देखा गया। ज्यादातर गाउन पहने हुए कैमरे में कैद हुए थे। इन चोरों ने पिछले सप्ताह मालेगांव के रिहायशी इलाकों में कई घरों को निशाना बनाया।

# टीएमसी नेताओं के बिगड़ते बोल पर अभिषेक बनर्जी की सलाह, सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के बाद बंगाल में माहौल काफी गर्म है। लोगों में ममता बनर्जी सरकार को लेकर काफी गुस्सा है। अब ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पार्टी नेताओं को अहम सलाह दी है। इसमें उन्होंने कहा है कि मेडिकल क्षेत्र और आम लोगों से गलत तरीके से बात न करें। अभिषेक ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। गौरतलब है कि टीएमसी नेताओं ने कुछ विवादास्पद बयान दिए हैं। एक पार्षद के पति ने तो यहां तक कह डाला कि मुख्यमंत्री ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने के लिए कहा है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसा कोई दिशानिर्देश उनकी तरफ से दिया गया है। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने एक्स पर लिखा है कि पार्टी से जुड़े सभी लोगों को विनम्र और सहानुभूति जताने वाला होना चाहिए। मैं टीएमसी के सभी लोगों से अपील करता हूं कि मेडिकल फैटर्निटी और आम लोगों से गलत बातें न करें। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध जताने का अपनी बात कहने का हक है। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि यही चीज पश्चिम बंगाल को भाजपा शासित राज्यों से अलग करती है। गौरतलब है कि रविवार को हावड़ा से टीएमसी पार्षद के पति आतिश सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर अशालीन टिप्पणी की थी। उन्होंने एक स्थानीय सभा में कहा था कि मैं तुम्हारी मां और बहनों की गंदी तस्वीरें बनाकर तुम्हारे घर के दरवाजे पर टांग दूंगा।



तुम अपना घर नहीं छोड़ पाओगे। इतना ही नहीं, आतिश सरकार ने आगे कहा कि याद रखना, हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने की सलाह दी है। अगर हमने फुंफकारना शुरू कर दिया तो तुम लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाओगे। वीडियो वायरल होने के बाद टीमएसी ने आतिश सरकार को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह चार बार की सांसद काकोली घोष दास्तीदार ने, जो कि खुद भी एक मेडिकल प्रैक्टिसनर हैं, माफी मांगी है। हाल ही में उन्होंने महिला डॉक्टरों पर टिप्पणी की थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के बाद वह एक पैनल डिस्कशन में हिस्सा ले रही थीं। उस वक्त सांसद ने दावा किया कि हमारे वक्त में तो डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही लड़कियां, पढ़ाने वाले डॉक्टर टीचर्स की गोद में बैठकर पासिंग मार्क्स हासिल कर लेती थीं। उन्होंने यह भी कहा था कि विरोध करने वालों को कम नंबर मिलते थे। घोष ने आगे कहा कि उन्होंने कल्पना नहीं की थी कि यह चलन आगे चलकर इतना खतरनाक हो जाएगा।

इसी तरह अभिनेत्री से नेता बनीं टीएमसी विधायक कंचन मलिक ने सवाल उठाया था कि क्या विरोध प्रदर्शन कर रही जूनियर डॉक्टर सैलरी और बोनस नहीं लेंगी। वहीं, रविवार को वायरल हुए एक वीडियो में राज्य सरकार में मंत्री उदयन गुहा कह रही हैं कि कुछ राजनीतिक दल आरजी कर घटना पर राजनीति कर रहे हैं। अगर वो एक बार स्टिंग करेंगे तो हम पांच बार स्टिंग करेंगे। अगर वो एक बार चोट पहुंचाएंगे तो हम पांच गुना ताकत से वार करेंगे। तृणमूल के बांकुरा सांसद अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि अगर एक बार पार्टी के कार्यकर्ता खड़े हो गए और फुंफकारना शुरू कर दिया तो प्रदर्शनकारी और उन्हें गुमराह करने वाले लोग कुत्तों की तरह भाग खड़े होंगे।

# हिंसा से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं होगा : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि अब विधानसभा चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने और लोकतंत्र में भरोसा दिखाने वाले कुछ अलगाववादी नेताओं का फैसला उनके लिए सफलता है। इससे चुनावी राजनीति और हिंसा के खिलाफ उनके रुख की पुष्टि हुई है। गांदरबल जिले के कंगन विधानसभा क्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अलगाववादी नेताओं द्वारा मुख्य राजनीति में शामिल होना अलगाववादी खेमे में एक विचारधारा के परिवर्तन का संकेत है। बता दें कि कंगन विधानसभा क्षेत्र में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मियां मेहर अली वरिष्ठ गुर्जर नेता और लोकसभा सदस्य मियां अल्ताफ अहमद के बेटे को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि, इससे पहले जब भी चुनाव होते थे, अलगाववादी बहिष्कार का राग अलापते थे। आज वे चुनाव लड़ रहे हैं। यह दर्शाता है कि एक वैचारिक परिवर्तन हुआ है। इसने एनसी के रुख की पुष्टि की है कि हिंसा से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं होगा।



उन्होंने कहा, हमने हमेशा यह बनाए रखा है कि हम जो भी हासिल कर सकते हैं वह लोकतांत्रिक तरीकों से हासिल किया जाएगा। यदि अलगाववादियों को लोकतंत्र में विश्वास हो गया है तो यह हमारे लिए एक उपलब्धि है, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हों। जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या अलगाववादी नेता सैयद सलीम गिलानी के पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में शामिल होने से यह साबित होता है कि अलगाववादियों ने पिछले चुनावों में पीडीपी का समर्थन किया था, तो उमर अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप दरार पैदा करना चाहते हैं मैं इस प्रश्न का उत्तर देता हूं, लेकिन, मैं इसका उत्तर नहीं दे रहा हूं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा के चुनाव अभियान की देखरेख के लिए राम माधव की नियुक्ति पर तत्कालीन जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान का भी जिक्र किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक के केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ बहुत करीबी संबंध थे। उन्होंने कहा, उन्हें बेहतर पता होगा, उन्हें भाजपा ने यहां भेजा था और 2019 में जो कुछ भी हुआ, उनकी निगरानी में हुआ। यह पूछे जाने पर कि क्या राम माधव को पीडीपी के साथ गठबंधन कराने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया था, उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केवल भाजपा ही इस पर दावे के साथ कुछ कह सकती है। उन्होंने कहा, हालांकि, इसमें कोई दो राय नहीं है कि माधव के पीडीपी के साथ सबसे अच्छे संबंध हैं। और वह 2014 में गठबंधन बनाने के लिए पीडीपी और भाजपा को एक ही मंच पर लाए थे। शायद, उन्हें फिर से उसी उद्देश्य से वापस लाया गया होगा। बता दें कि सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि जब वह जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे।

## रात को दोस्तों संग मैगी खाने निकला था 19 साल का आर्यन मिश्रा, गोरक्षकों ने की हत्या

**फरीदाबाद, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 12वीं में पढ़ने वाले 19 वर्षीय एक स्टूडेंट की कथित गोरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दोस्तों के साथ मैगी खाने कार से निकले आर्यन मिश्रा का 30 किलोमीटर तक पीछा गया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का कहना है कि उन्हें ऐसी ही कार में तस्करों के आने की सूचना मिली थी।

आर्यन मिश्रा हत्याकांड में गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान सौरभ, अनिल कौशिक, वरुण, कृष्ण और आदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। फरीदाबाद पुलिस क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम इस हत्याकांड की जांच कर रही है। वारदात वाले दिन 23 अगस्त की रात आर्यन मिश्रा अपने मकान मालिक और उनके जानकारों के साथ डस्टर कार में बैठकर मैगी खाने बड़खल स्थित एक मॉल में गया था। देर रात वहां से लौटते समय पटेल चौक पर आरोपियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर, कार चला रहे आर्यन के एक जानकार ने डर के कारण गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद आरोपियों ने करीब 30 किलोमीटर तक मृतक और उसके जानकारों को पीछा किया। फिर दिल्ली आगरा-



हाईवे के गदपुरी टोल से कुछ आगे खुद को गोरक्षक बताने वाले आरोपियों ने पशु तस्कर समझकर आर्यन को गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल आर्यन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गिरफ्तारी के बाद अनिल कौशिक आदि ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि उन्होंने अवैध हथियार से आर्यन मिश्रा को गोली मारी थी। पुलिस ने अनिल कौशिक के घर से अवैध हथियार बरामद कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 23 अगस्त की रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि डस्टर और फॉच्यूनर कार सवार कुछ पशु तस्कर शहर में रेकी कर रहे हैं। साथ ही जहां उन्हें पशु मिल रहे हैं, इस सूचना के बाद अनिल कौशिक और उसके साथी शहर में कार सवार उन पशु तस्करों की तलाश कर रहे थे।

# 60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस बुलाएं: विधायक राजकुमार इमो सिंह

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सिंह ने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गई। सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्रवाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं



रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे। उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करने की अनुमति देनी होगी। पिछले वर्ष राज्य में हिंसा भड़कने के बाद गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। विभिन्न एजेंसियों और बलों की रिपोर्टों की देखरेख करने वाली एकीकृत कमान मणिपुर सरकार के परामर्श से परिचालन आवश्यकताओं का समन्वय करती है। सिंह ने केंद्र सरकार से उन उग्रवादी और विद्रोही समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी आह्वान किया, जिन्होंने अभियान निलंबन (एसओओ) समझौते के आधारभूत नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शाह से इन समूहों के साथ एसओओ समझौतों को रद्द करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे हिंसा को और बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह ने हथियारों और गोला-बारूद के वित्तपोषण और आपूर्ति की जांच का अनुरोध किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे संघर्ष बढ़ रहा है। सिंह ने केंद्र सरकार से स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच राजनीतिक वार्ता और सहभागिता शुरू करने का आग्रह किया। गुरुवार को 'पीटीआई वीडियो' के साथ एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने केंद्र की मदद से छह महीने में राज्य में पूरी तरह शांति बहाल करने का वादा किया था। उन्होंने पद छोड़ने से भी इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने न तो कोई अपराध किया है और न ही कोई घोटाला किया है। सिंह ने पहली बार खुलासा किया कि उन्होंने कुकी-जो और मेइती नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए एक दूत नियुक्त किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई 2023 से कुकी-जो और मेइती जातीय समूहों के बीच संघर्ष में 226 लोग मारे गए हैं।

# गजब! संन्यास के लिए कप्तान को दी थी रिश्वत

### पाकिस्तान बोर्ड की काली करतूत अब आ रही बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ओर पाकिस्तान क्रिकेट टीम दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ हार की कगार पर खड़ी है तो दूसरी ओर एक खुलासे ने क्रिकेट बोर्ड के काली करतूत की पोल खोल दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने एक कप्तान को रिटायरमेंट लेकर टीम छोड़ने के लिए एक करोड़ की भारी रिश्वत दी थी।

यह अपने आप में अजब-गजब मामला है। टीम सिलेक्टर्स को अगर लगता है कि खिलाड़ी टीम में खेलने लायक नहीं है तो उसे सिलेक्ट करना बंद कर दिया जाता है। इसके बाद खिलाड़ी अपने करियर पर जो फैसला लेना होता है लेता है, लेकिन यहां तो मामला ही पूरा उल्टा है। दरअसल, 2007 में पाकिस्तान के कप्तान इंजमाम उल हक को क्रिकेट किट खूंटी पर टांगने के लिए क्रिकेट बोर्ड ने रिश्वत के तौर पर एक करोड़ रुपये दिए थे। पाकिस्तान के एक पत्रकार अब्दुल माजिद भट्टी ने यह दावा किया कि एक कप्तान को रिटायरमेंट लेने के लिए भारी भरकम एक करोड़ रुपये बोर्ड ने दिए थे।

फीडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप मैच 2024 के नियमों की घोषणा

# एक मैच जीतने पर मिलेंगे 1.60 करोड़ रूपये




**सिंगापुर, एजेंसी।** भारत के 18 वर्षीय डी गुकेश और चीन के 31 वर्षीय मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लीरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप 2024 मैच के लिए विश्व शतरंज संघ ( फीडे ) ने आधिकारिक नियमों की घोषणा कर दी है। 25 नवंबर से शुरू हो रहे इस मैच में कुल 14 क्लासिकल खेल खेले जाएंगे। जो खिलाड़ी 7.5 अंक या उससे अधिक स्कोर करेगा, वह विश्व चैंपियनशिप मैच जीतेगा। अगर चौदह खेलों के बाद स्कोर बराबर रहता है, तो टाई-ब्रेक मुबले खेले जाएंगे। 2023 के पिछले मैच की तुलना में इस बार टाई-ब्रेक के नियमों में बदलाव किया गया है। मैच का कुल पुरस्कार राशि 2.5 मिलियन डॉलर है। मैच में 14 क्लासिकल मुकाबले होंगे। प्रत्येक खेल के लिए समय नियंत्रण होगा- पहले 40 चालों के लिए 120 मिनट, उसके बाद शेष खेल के लिए 30 मिनट, और चाल 41 से 30-सेकंड की वृद्धि।

**पुरस्कार राशि:** मैच की कुल पुरस्कार राशि 20.7 करोड़ रुपेय (लगभग 2.5 मिलियन डॉलर ) है, जिसमें खेल के परिणामों के आधार पर वितरण किया जाएगा।

प्रत्येक खिलाड़ी को हर खेल जीतने के लिए 1.65 करोड़ रुपेय (लगभग 200,000 डॉलर) मिलेंगे। शेष पुरस्कार राशि दोनों खिलाड़ियों के बीच समान रूप से विभाजित की जाएगी। यदि विजेता का निर्णय टाई-ब्रेक पर होता है, तो पुरस्कार राशि इस प्रकार विभाजित की जाएगी- विजेता को 10.72 करोड़ रुपेय (लगभग 1,300,000 डॉलर ) और उपविजेता को 9.89 करोड़ रुपेय (लगभग 1,200,000 डॉलर) मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पैरालंपिक 2024:

### भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति ने जीता कांस्य पदक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में युवा भारतीय शटलर नित्या सुमति सिवान को पदक जीतने में कामयाबी मिली है। नित्या ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आने वाली 19 वर्षीय खिलाड़ी नित्या ने पेरिस से लगभग 11 महीने पहले एशियन पैरा गेम्स (अक्तूबर, 2023) में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। नित्या ने एकल के अलावा युगल मुकाबले में भी अपनी छाप छोड़ी थी और उन्होंने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी अपने नाम किया था। दरअसल, भारत ने पेरिस पैरालंपिक 2024 के बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतने से पहले एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीत चुका था। पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में कुमार नितेश ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश से आने वाले नौकरशाह सुहास एलवाई ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इसके अलावा महिलाओं की एकल स्पर्धा एसयू5 में टी मुरुगेसन और मनीषा रामादास को क्रमश- रजत और कांस्य पदक मिले। इसके बाद दिन के अंतिम मुकाबले में नित्या ने भारत की झोली में एक और कांस्य पदक डालने में सफलता पाई।

गौरतलब है कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात खेले गए मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतते ही भारत की कुल पदक संख्या 15 हो चुकी है। नित्या की विजय के बाद ओवरऑल पदक तालिका में भी भारत 15वें पायदान पर आ गया है। भारत की झोली में फिलहाल तीन स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक हैं।

### अब भारत के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने का समय है: पैट कमिंस



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को विश्वास है कि भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने इस कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार मिली हार की भरपाई करने में सफल रहेगी। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मुकाबला बराबरी का होगा।

भारत ने 2016-17 से लेकर 2022 23 तक ऑस्ट्रेलिया से लगातार चार श्रृंखला जीती हैं। इनमें से दो अवसरों पर उसने ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पिछले साल लंदन में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो श्रृंखला में हम सफल नहीं रहे। हमें (भारत के खिलाफ) श्रृंखला जीते हुए काफी समय हो गया है। अब इसमें सुधार करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, 'हम भारत के खिलाफ लगातार खेलते रहे हैं और उन्होंने हमें हराया भी है लेकिन हमने भी उनके खिलाफ कई जीत दर्ज की हैं जिनसे हम प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। इनमें हाल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है जिसमें हम सफल रहे थे। मैं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर काफी उत्साहित हूं।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीती




**रावलपिंडी, एजेंसी।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के इतिहास की पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे मैच में पाकिस्तान को मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसी के साथ नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट सीरीज खेली गई थी और सभी पाकिस्तान ने जीती थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था।

**दूसरी पारी में शांतो-मोमिनुल हक के बीच 119 रन की साझेदारी**

पाकिस्तानी टीम सोमवार को दूसरी पारी में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रन का टारगेट दिया था। बांग्लादेश ने आज यानी मंगलवार को अपने दूसरी पारी में 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 57 बॉल पर 119 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए जाकिर हसन 40, शांतो 38, मोमिनुल 34, और शादमान इस्लाम 24 रन बनाए।

**बांग्लादेश पहली पारी में 262 पर ऑलआउट, शहजाद को 6 विकेट**

रविवार को मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां लिट्टन दास और मेहदी हसन ने 165 रन की साझेदारी करके टीम को 190 पार पहुंचाया। लिट्टन ने 138 और मेहदी हसन ने 78 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए।

**लिट्टन दास का शतक**

लिट्टन दास ने पहली पारी में 228 बॉल पर 138 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर का यह चौथा शतक रहा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा। वे पाकिस्तानी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दो शतक लगाने वाले बांग्लादेश के पहले खिलाड़ी हैं।

**पाकिस्तान टीम पहली पारी में 274 रन सिमटी थी**

मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई थी। ट

ीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए।

**सुआरेज उरुग्वे के सबसे शानदार फुटबॉलर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने 17 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में 142 मैचों में 69 गोल किए हैं। सुआरेज ने आठ फरवरी, 2007 को कोलंबिया पर 3-1 की जीत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी।**



# उरुग्वे के दिग्गज खिलाड़ी लुइस सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उरुग्वे फुटबॉल के दिग्गज लुइस सुआरेज ने अंतराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है। वह उरुग्वे के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं। सुआरेज ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने फैसले का खुलासा किया। छह सितंबर को पराग्वे के खिलाफ उरुग्वे का फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच उनका आखिरी अंतराष्ट्रीय मैच होगा।

सुआरेज उरुग्वे के सबसे शानदार फुटबॉलर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने 17 वर्षों के अंतराष्ट्रीय करियर में 142 मैचों में 69 गोल किए हैं। सुआरेज ने आठ फरवरी, 2007 को कोलंबिया पर 3-1 की जीत में अपने अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। वह जल्द ही टीम के एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए। उनके और डिएगो फोरलोन की मदद से उरुग्वे ने दक्षिण अफ्रीका में 2010 फीफा विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। तब तक सुआरेज टीम का एक अहम हिस्सा बन गए थे।

उन्होंने कहा, संन्यास लेने का सही समय कब है यह जानने से बेहतर कुछ नहीं है। अब जब मैं अंतराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने जा रहा हूं तो आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं। मैं अब राष्ट्रीय टीम से किनारा करना चाहता हूं। मैं 37 साल का हो चुका हूं और मैं यह भी जानता हूं कि मेरे लिए इस उम्र में अगला विश्व कप खेलना काफी मुश्किल होगा। यह मुझे बहुत सुकून देता है कि मैं रिटायर अपनी मर्जी से हो रहा हूं और चोट ने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई। सुआरेज ने कहा, मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर यह बहुत अच्छा है कि मैं टीम से दूर हो रहा हूं और आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं। यह फैसला लेना मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं मन की शांति को तरजीह देता हूं और आखिरी गेम तक मैंने अपना सब राष्ट्रीय टीम के लिए न्योछावर किया। अब मेरे अंदर वो आग नहीं है और इसलिए मैंने फैसला किया कि संन्यास के एलान का यही सही वक्त है।

### सुआरेज 2010 हैंडबॉल की वजह से सुर्खियों में रहे थे

सुआरेज के अंतरराष्ट्रीय करियर के सबसे प्रतिष्ठित क्षणों में से एक घाना के खिलाफ 2010 विश्व कप क्वार्टर फाइनल के दौरान आया था। मैच के एकदम अंतिम क्षणों में घाना को एक निश्चित विनिंग गोल से रोकने के लिए सुआरेज ने गोल लाइन पर जाकर हैंडबॉल किया था, यानी गेंद को हाथ से रोक लिया था। हालांकि, उन्हें रेड-कार्ड दिया गया था। इससे घाना के असामोह पेनल्टी से चूक गए थे और उरुग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। उरुग्वे के लिए सुआरेज ने हाल ही में कोपा अमेरिका टूर्नामेंट खेला था। कनाडा के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में उन्होंने अपनी टीम की जीत में मदद करने के लिए पेनल्टी शूटआउट में स्कोर किया था। सुआरेज फिलहाल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में इंटर मियामी सीएफ में अपने लंबे समय के दोस्त लियोनेल मेसी के साथ खेल रहे हैं। सुआरेज अब पूरी तरह से अपने क्लब करियर पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चीन रवाना

- 8 सितंबर को मेजबान चीन से पहला मैच, श्रीजेश के बाद कृष्ण बहादुर पाठक गोलकीपर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हुलुनबुइर (चीन) रवाना हो गई। पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम का पहला मुकाबला 8 सितंबर को मेजबान चीन से होगा।भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग लेंगे। राइवल पकिस्तान से भारत का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की भारतीय हॉकी टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलिंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। पेरिस ओलिंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है।

हॉकी इंडिया ने बीते बुधवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया था। इस टीम में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले 10 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। जबकि 5 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

यह टूर्नामेंट 8 से 17 सितंबर तक इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में खेला जाएगा। टीम ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था। इसलिए भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने उतरेगी।

विश्व शतरंज रैंकिंग

# अर्जुन , गुकेश शीर्ष 10 में , पहली बार चार भारतीय महिलाएं शीर्ष 15 में




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2024 की फीडे रेटिंग लिस्ट में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी ने 2778 अंको के साथ अपनी विश्व नंबर 4 की रैंकिंग को बनाए रखा है जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश 2765 अंको के साथ सातवें स्थान पर है ,भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2751 अंको के साथ 11वें , 2750 अंको के साथ प्रज्ञानन्दा 12वें , 2720 अंको के साथ विदित गुजराती 24वे स्थान पर है । मैगनस कार्लसन 2832 अंको के साथ विश्व में शेरेश स्थान पर बने हुए है उनके बाद 2802 अंको के साथ यूएसए के हिकारु नाकामुरा और 2798 अंको के साथ यूएसए के फबियानों करूआना तीसरे स्थान पर बने हुए है , सिंकिफील्ड कप में शानदार प्रदर्शन के चलते फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें 2767 अंको के साथ टॉप 10 में वापसी करते हुए पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना ली है । वहीं लगातार खराब प्रदर्शन के चलते विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन 2736 अंको के साथ 15वें स्थान पर सरक गए है ।

महिलाओं में, पहली बार चार भारतीय खिलाड़ी विश्व की टॉप 15 में शामिल हो गई हैं। इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने 30वें अबू धाबी मास्टर्स 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन कर महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान से 15वें स्थान पर छलांग लगाई है । महिला खिलाडियों में शीर्ष चार स्थान पर चीन की हाऊ ईरान, जु वेंजून , तान होंगाई और लेई टिंगजे बनी हुई है , भारतीय खिलाडियों में 2530 अंको के साथ कोनेरु हम्पी छठे , 2502 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 11वें ,2498 अंको के साथ आर वैशाली 12वें और 2483 अंको के साथ दिव्या देशमुख 15वें स्थान पर है । 45वें शतरंज ओलंपियाड में बस दस दिन शेष हैं, ऐसे में यह रेटिंग टीमों की वरीयता में असर डालेगी ।

सुमित अंतिल का धमाल...

# पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है. अब सुमित अंतिल ने मेन्स जैवलिन थ्रो (एफ 64 वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता. सुमित ने अपने दूसरे प्रयास में 70.59 मीटर दूर भाला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. सुमित अंतिल का ये थ्रो पैरालंपिक गेम्स के इतिहास (F64 वर्ग) का बेस्ट थ्रो रहा. उधर बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या श्री सिवन ने वूमेन्स सिंगल्स स॥6 में ब्रॉन्ज मेडल जीता. नित्या ने ब्रॉन्ज मेडल के मैच में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया.

इन दो मेडल के साथ ही मौजूदा पैरालंपिक गेम्स में भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई है. भारत ने अब तक तीन गोल्ड, पांच सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल जीता है. बता दें कि सुमित अंतिल ने टोक्यो पैरालंपिक में भी गोल्ड मेडल जीता था. ऐसे में वह पहले भारतीय जैवलिन थ्रोअर बन गए हैं, जिन्होंने पैरालंपिक में अपना गोल्ड मेडल डिफेंड किया है.

इस इवेंट में श्रीलंका के डुलान कोडिथुवाक्कू (67.03 मीटर) ने सिल्वर और ऑस्ट्रेलिया के मिचाल बुरियन (64.89 मीटर) ने कांस्य पदक जीते. भारत के ही संदीप चौधरी



(62.80 मीटर) चौथे स्थान पर रहे. एफ64 स्पर्धा में एथलीट कृत्रिम अंग (पैर) के साथ खड़े होकर हिस्सा लेते हैं.

सुमित अंतिल ने इस मुकाबले में अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ा. उन्होंने पहले प्रयास में 69.11 मीटर का थ्रो किया, जो नया पैरालंपिक रिकॉर्ड रहा. इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 70.59 मीटर भाला फेंककर फिर एक बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा. सुमित ने टोक्यो पैरालंपिक में भी गोल्ड मेडल जीता था.

...जब ट्रक हादसे में सुमित ने गंवा दिया पैर

हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुमित अंतिल का जन्म 7 जून 1998 को हुआ था. सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता रामकुमार की बीमारी से मौत हो गई थी. पिता का साया उठने के बाद मां निर्मला ने हर दुख सहन करते हुए चारों बच्चों का पालन-पोषण किया. 12वीं में पढ़ाई के दौरान सुमित के साथ भयानक हादसा हुआ. 5 जनवरी 2015 की शाम को वह ट्यूशन लेकर बाइक से वापस आ रहे था, तभी सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सुमित को टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटते ले गई.

इस हादसे में सुमित को अपना एक पैर गंवाना पड़ा. हादसे के बावजूद सुमित कभी उदास नहीं हुए. रिश्तेदारों व दोस्तों की प्रेरणा से सुमित ने खेलों की तरफ ध्यान दिया और साई सेंटर पहुंचे. जहां एशियन रजत पदक विजेता कोच वीरेंद्र धनखड़ ने सुमित का मार्गदर्शन किया और उसे लेकर दिल्ली पहुंचे.

### फाइनल में सुमित अंतिल का प्रदर्शन:

पहला थ्रो- 69.11 मीटर
दूसरा थ्रो- 70.59 मीटर
तीसरा थ्रो- 66.66 मीटर
चौथा थ्रो- फाउल
पांचवां थ्रो- 69.04 मीटर
छठा थ्रो- 66.57 मीटर

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समयावधि में निराकरण के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को प्रति सप्ताह प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के माह अगस्त के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को 500 एवं एक हजार दिवस से अधिक अवधि के सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का स्वयं मॉनिटरिंग कर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में वर्तमान के साथ पुरानी शिकायतों का भी शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में टीएल व जनसुनवाई पत्रों के भी अविलंब निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि टीएल नस्ती में अभिमत सहित प्रकरण निराकरण का प्रस्ताव प्रेषित करें। इसी तरह लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के लिए आवश्यक




कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की जानकारी वर्गवार व निर्धारित प्रपत्र पर तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए। न्यायालय के अवमानना याचिकाओं की समीक्षा कर न्यायालयीन प्रकरणों में जवाबदावा के संबंध में निर्धारित नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना के शेष मुआवजा प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही कर लंबित नामांतरण-बंटवारा कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्माणाधीन रेलवे लाइन के मुआवजा सहित अन्य कार्यों में आवश्यक समन्वय के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत गत तीन सत्रों की छात्रवृत्ति के शत प्रतिशत भुगतान सहित नवीन स्वीकृत चार सीएम राइज स्कूल सिमरिया, बड़ागांव, पहाड़ीखेरा और सिरी में भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन, स्कूल और शासकीय विभागों की भूमि से अतिक्रमण हटाने, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय, नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण व जर्जर भवनों के चिन्हांकन इत्यादि के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान 2.0 के समापन के बावजूद भी ई-केवायसी व खसरा लिंकिंग तथा नक्शा तरमीम संबंधी कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाए। साथ ही आरसीएमएम पोर्टल में लंबित राजस्व प्रकरणों का भी तीव्रता के साथ निराकरण किया जाए। राहत प्रकरणों में राजस्व अधिकारियों द्वारा मृतक व्यक्ति के परिजनों को तत्काल राहत राशि स्वीकृत कर वितरण का कार्य किया जाए। बैठक में पौधरोपण महाअभियान अंतर्गत वायुदूत एप पर द्वितीय फोटो अपलोड करने संबंधी कार्यवाही रिपोर्ट से अवगत कराने, उर्वरकों की उपलब्धता पर निगरानी, ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प व जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई की दुरूस्त व्यवस्था सुरक्षित करने सहित छतैनी-बृजपुर सड़क की समस्या के निराकरण और क्षतिग्रस्त सिद्धनाथ रोड की रिपोर्ट से अवगत कराने के लिए भी कहा गया। इसके अलावा असंगठित श्रमिकों व संबल हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए ग्रामवार शेष 11 हजार लोगों को पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले में निर्माणाधीन व प्रस्तावित वृहद कार्यों की जानकारी लेकर कार्यवाही के संबंध में चर्चा की। साथ ही पेंशन हितग्राहियों के निकायवार ई-केवायसी कार्यों तथा जिले के विद्यालयों में टीडी टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शशीकांत दीक्षित बने जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष



**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर शशीकांत दिक्षित को जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाजीत सिंह ने की है 10 वर्षों तक लगातार किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रहते श्री दीक्षित द्वारा पूरे जिले में किसानों के लिए जहां संघर्ष किया वहीं उनकी मांगों को लेकर भी जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक आवाज को बुलंद किया। श्री दीक्षित की नियुक्ति होने पर जिले के कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी आलाकमान को यह भरोसा जताया है की श्री दीक्षित की नियुक्ति से निश्चित तौर पर पार्टी को मजबूती मिलेगी। उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद शशिकांत दीक्षित ने कहा कि मुझे जो पार्टी ने जवाबदारी सौंपी है। उसको वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

## मतदान सामग्री का वितरण 10 सितम्बर को

पन्ना

त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय उप निर्वाचन अंतर्गत नियुक्त मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण निर्धारित स्ट्रांग रूम स्थल से 10 सितम्बर को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। पार्षद एवं जनपद पंचायत सदस्य व सरपंच पद के लिए मतदान 11 सितम्बर को होगा। नगरीय निकाय अजयगढ़ में मतदाता निर्धारित मतदान केन्द्र पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे, जबकि जपं सदस्य व सरपंच पद के मतदान के लिए सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक का समय निर्धारित है। पार्षद, जपं सदस्य और सरपंच का मतदान ईव्हीएम से कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नगर परिषद अजयगढ़ के पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजयगढ़ को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जनपद पंचायत गुनौर में जपं सदस्य पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार गुनौर को रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। ग्राम पंचायत सारंगपुर के सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार शाहनगर तथा ग्राम पंचायत पलोही के सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार पवई को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उप निर्वाचन के लिए नियुक्त समस्त सेक्टर अधिकारियों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से संपर्क कर विभागीय वाहन से मतदान केन्द्र का भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा सामग्री वितरण तिथि को निर्धारित समय पर वितरण स्थल पर उपस्थित होकर मतदान दलों को सामग्री वितरण उपरांत मतदान केन्द्रों के लिए रवाना करने के संबंध में निर्देशित किया गया है। साथ ही मतदान दिवस पर सेक्टर अंतर्गत किसी एक मतदान केन्द्र पर मॉकपोल के दौरान उपस्थित रहकर मतदान प्रारंभ कराने सहित अन्य वांछित कार्यवाहियों के निर्देश दिए गए हैं।

उप निर्वाचन के लिए चार स्ट्रांग रूम स्थापित किए गए हैं। पार्षद पद के लिए शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़, जनपद सदस्य पद के लिए तहसील कार्यालय गुनौर, पलोही सरपंच पद के लिए जनपद कार्यालय पवई तथा सारंगपुर सरपंच पद के लिए तहसील कार्यालय शाहनगर में स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है।

## उप निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्र निर्धारित

**पन्ना।** पन्ना जिले में पंचायत एवं नगरीय निकाय उप निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य तथा पार्षद के एक-एक पद पर एवं सरपंच के दो पद पर उप चुनाव के लिए मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। गुनौर विकासखण्ड में जनपद पंचायत गुनौर के वार्ड क्रमांक 14 में जपं सदस्य पद के मतदान के लिए शासकीय पंचायत भवन सिठौली, शासकीय माध्यमिक शाला (नवीन भवन) सिठौली, शासकीय माध्यमिक शाला बमुरहिया, शासकीय प्राथमिक शाला धनोखर, शासकीय माध्यमिक शाला सरहंजा, शासकीय माध्यमिक शाला भटगंवा, शासकीय प्राथमिक शाला एल्हा, शासकीय प्राथमिक शाला मजवाहा, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला श्यामरडांडा, शासकीय हाईस्कूल श्यारमडांडा तथा शासकीय माध्यमिक शाला ढेड़ा में मतदान केन्द्र मनाया गया है। इसी तरह शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सारंगपुर में सरपंच पद के मतदान के लिए शासकीय माध्यमिक शाला सारंगपुर, शासकीय माध्यमिक शाला अतिरिक्त कक्ष सारंगपुर तथा शासकीय प्राथमिक शाला सलैया समारी में मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है, जबकि पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोही में सरपंच पद के मतदान के लिए शासकीय माध्यमिक शाला पलोही, शासकीय माध्यमिक शाला गुडमनिया और शासकीय प्राथमिक शाला मनिया में मतदान केन्द्र की स्थापना की गई है। नगर परिषद अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद के मतदान के लिए शासकीय प्राथमिक शाला माधौगंज अजयगढ़ में मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति

पन्ना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की है, जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन अजयगढ़ दिव्यमोहन मिश्रा को नगर परिषद अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत गुनौर के वार्ड क्रमांक 14 में जपं सदस्य पद के उप निर्वाचन के लिए सहायक यंत्री बी.बी. गुप्ता, शाहनगर विकासखण्ड के सारंगपुर ग्राम पंचायत में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए सहायक यंत्री प्रशांत वर्मा तथा पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोही में सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए परियोजना अधिकारी डी.सी. अहिरवार को सेक्टर अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

## लोक सेवा केन्द्र पवई एवं अजयगढ़ के संचालकों पर शास्ति अधिरोपित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने लोक सेवा केन्द्र पवई एवं अजयगढ़ के संचालकों द्वारा केन्द्रों का सुव्यवस्थित संचालन और निर्देशों का पालन नहीं करने पर शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। जिला कलेक्टर द्वारा तहसील कार्यालय पवई में केन्द्र संचालक मे. कमला प्योर फूड्स और अजयगढ़ के लोक सेवा केन्द्र संचालिका राजकुमारी सोनी के विरूद्ध क्रमशः पांच हजार एवं दो हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित कर भविष्य में लोक सेवा केन्द्रों का संचालन आरएफपी में वर्णित प्रावधानों के तहत सुनिश्चित करने की सख्त चेतावनी दी है। शास्ति राशि तीन दिवस में जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस जिला प्रबंधक लोक सेवा द्वारा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न कमियां पाई गई थीं। मानक संचालन कार्यविधियों का पालन न करने तथा विभागीय निर्देशों के पालन में कमी पाए जाने के फलस्वरूप केन्द्र संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में प्रतिवेदन चाहा गया था। पवई केन्द्र के संचालक द्वारा संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं करने तथा अजयगढ़ केन्द्र संचालक द्वारा समयावधि में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर और निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने पर शास्ति अधिरोपित कर लोक सेवा केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

## लाड़ली बहनों को सितम्बर माह की राशि का अंतरण 04 को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत महिला हितग्राहियों को योजना राशि की 16वीं किस्त का अंतरण बुधवार, 04 सितम्बर को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सागर जिले के बीना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहनों के बैंक खाते में सिंगल क्लिक के जरिए 1250 रूपए मासिक सहायता राशि का अंतरण किया जाएगा।

## ईव्हीएम की एफएलसी संपन्न

**पन्ना।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन अंतर्गत पार्षद एवं जनपद पंचायत सदस्य के एक-एक पद पर तथा सरपंच के दो पद पर उप चुनाव होना है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आज कलेक्ट्रेट परिसर में पार्षद, जपं सदस्य तथा सरपंच के ईव्हीएम से होने वाले मतदान के दृष्टिगत ईव्हीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य संपन्न कराया गया।



इस क्रम में एनआईसी कक्ष में 3 सितम्बर को डीईओ लेवल और 4 सितम्बर को रिटर्निंग अधिकारी लेवल रेण्डमाईजेशन संपन्न कराया जाएगा। रेण्डमाईजेशन का समय दोपहर 12 बजे से निर्धारित है, जबकि कलेक्ट्रेट में 6 सितम्बर को सुबह 10 बजे से कमीशनिंग होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा उक्त कार्यों के संपादन के लिए तकनीकी टीम का गठन किया गया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

## कमिश्नर ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ल ने आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगो की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं समस्याओं तथा शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित कर समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश विभागी अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को



निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई मे प्राप्त होने वाली शिकायतें और समस्याओं को सभी विभागीय अधिकारी अति गंभीरता से लें। जनसुनवाई मे प्राप्त होने वाली समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए निर्धारित समय सीमा में लोगों से प्राप्त होने वाली समस्याओं और शिकायतों का निराकरण सुनश्चित कराएं। उन्होनें निर्देश दिए हैं कि जन सुनवाई कार्यक्रम में दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण होना चाहिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, मुख्य अभियंता ऊर्जा विभाग श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक 04 सितम्बर को

**शहडोल।** सितम्बर माह में दिनांक 07 को गणेश चतुर्थी एवं दिनांक 16 को मिलाद उन नबी त्यौहार मनाया जाना है। उक्त त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु 04 सितम्बर 2024 को दोपहर 02 बजे कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

## 08 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह का किया जाएगा आयोजन

**शहडोल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश को शत् प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जन-जन साक्षर की भावना से वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए संचालित किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 08 सितम्बर 2024 तक साक्षरता सप्ताह के रूप में मनाया जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी अनुक्रम में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एम एड, बी.एड. डी एल.एड आदि के प्रशिक्षणार्थी समुदाय के सदस्यों, आगनवाडी कार्यकर्ता, पंचायती राज संस्थाएं, जन शिक्षण संस्थानों, अन्य विभागों के स्वसहायता समूह के शिक्षित कार्यकर्ता सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी एवं नगर निगम, नगर पालिका के कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधियों आदि के सहयोग से 08 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जाएगा।

## शिखा सोंधिया को मिल रहा लाड़ली बहना योजना का लाभ

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के ग्राम कल्याणपुर निवासी श्रीमती शिखा सोंधिया को विगत एक वर्षो से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदाय किये जा रहे राशि का लाभ निरंतर मिल रहा है। शिखा सोंधिया का कहना है कि मुझे लाड़ली बहना योजना का लाभ एक वर्षो से मिल रहा है।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं और शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई के दौरान श्री अशोक कुमार यादव निवासी वार्ड नं. 23 आदर्श कालोनी शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरा आयुष्मान कार्ड अभी तक नही बना है जिस कारण मैं शासन द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड के लाभों से वंचित हू। उनका कहना था कि मेरा आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कोटमा निवासी श्री गेंदलाल बैंगा ने आवेदन देकर बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने के लिए प्रथम किस्त 02 फरवरी 2024 को प्राप्त हुई थी। मैने प्रथम किस्त के अनुसार आवास को तैयार कर लिया है। उनका कहना था कि उन्हें मकान को पूर्ण रूप से तैयार करे के लिए आगे की किस्तों का भी भुगतान किया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर



प्रधान मंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त का भुगतान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में श्रीमती मातेश्वरी मिश्रा पति स्वर्गीय श्री सत्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम घोघरी तहसील जैतपुर जिला शहडोल ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति स्वर्गीय श्री सत्यनारायण की मृत्यु बीमारी के कारण 22 अप्रैल 2024 को हो गई थी, तथा उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें परिवार का पालन पोषण करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि उन्हें आर्थिक सहायता राशि दिलायी जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में श्रीमती गुलवसिया यादव ने आवेदन देकर बताया कि उन्नत प्राथमिक शाला ग्राम पंचायत उमरिया की शिक्षिका श्रीमती सुशीला रैदास को चार वर्ष पूर्व 2020 में आवासीय शासकीय हाई स्कूल बरमनिया में अधीक्षिका के पद पर कार्य करने का आदेश जारी किया गया था। जिस कारण से शिक्षक की कमी होने के कारण विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी अध्ययन करने में असमर्थ हो रहे है। उनका कहना था कि शिक्षिका श्रीमती सुशीला रैदास को उन्नत प्राथमिक शाला ग्राम उमरिया में पुनः पदस्थ कर दिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए अन्य लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती एन्टोनियो एक्का सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 04 सितम्बर 2024




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



# कलेक्टर ने 104 आवेदन पत्रों में की सुनवाई



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आमजनता के 104 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिन की समय सीमा में आवेदन पत्रों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनता के आवेदनों का समुचित निराकरण करें। जन सुनवाई से अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। जन सुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन सुनवाई में पुष्पेन्द्र सिंह निवासी बैकुण्ठपुर ने शासकीय जमीन पर अवैध रूप से बनाए जा रहे निर्माण को रोकने तथा निर्मित संरचना को हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। मीराबाई आंगनवाड़ी सहायिका निवासी ग्राम निमगनहा ने चार माह से लंबित मानदेय के भुगतान के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सात दिवस में मानदेय के भुगतान के निर्देश दिए। सुशील पटेल निवासी ग्राम कनौजा ने उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी खाद्यान्न न देने की शिकायत की। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक को खाद्यान्न प्रदान कराने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में मोतीलाल द्विवेदी निवासी पड़रा बस्ती ने शासकीय आम रास्ते से अवैध कब्जा हटवाकर आम रास्ता बहाल कराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को प्रकरण में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। महेन्द्र मिश्र निवासी पतौना ने बिजली के बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। ताहिर मंसूरी निवासी अमहिया ने जमीन के नामांतरण के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। दिव्यांग अरूण कुमार साकेत निवासी देवरी सेंगरान ने मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को रेडक्रास समिति के माध्यम से आवेदक को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विद्याधर मिश्र निवासी कौआढान ने निराश्रित गौवंश को आसपास संचालित तीन गौशालाओं में रखवाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में उपचार सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, आर्थिक सहायता तथा अन्य आवेदनों की सुनवाई की गई।

## जन सुनवाई में उपस्थित न होने पर होगी कार्यवाही

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि आमजनता की समस्याओं के निराकरण तथा आवेदनों पर सुनवाई के लिए हर मंगलवार कलेक्ट्रेट में प्रातः 11 बजे से जन सुनवाई का आयोजन किया जाता है। जन सुनवाई में कई कार्यालय प्रमुख स्वयं उपस्थित न होकर अपने प्रतिनिधियों को भेज रहे हैं। ऐसी स्थिति सहन नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कार्यालय प्रमुख जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## कलेक्टर 5 सितम्बर को करेंगी पीएचई के कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 5 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नलजल योजनाओं की प्रगति, बंद नलजल योजनाओं को शुरू कराने तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार की विकासखण्डवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर 5 सितम्बर को वनाधिकार प्रकरणों की करेंगी समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दावों तथा उनके निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की जाएगी।

## सेरोगसी हेतु आवश्यक इंश्योरेंस की न्यूनतम सीमा अब 10 लाख रूपये



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल के अध्यक्षता में मंत्रालय वल्लभ भवन में राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की। राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड द्वारा राज्य स्तर पर आवेदित सरोगसी प्रकरणों पर समुचित विचार कर यथोचित निर्णय लिया गया। बोर्ड द्वारा सरोगसी हेतु आवश्यक इंश्योरेंस की सीमा न्यूनतम 10 लाख रूपये तय की गई।

उल्लेखनीय है कि राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत राज्य एसिस्टेडेड रिप्रोडक्टिव टैक्नोलॉजी एवं सरोगसी बोर्ड का गठन किया गया है। प्रदेश में उक्त अधिनियमों के अधीन वर्तमान स्थिति में 126 संस्थाओं (ए.आर.टी. बैंक, ए.आर.टी. लेवल-1 क्लीनिक, ए.आर.टी. लेवल-2 क्लीनिक तथा सरोगसी क्लीनिक) का पंजीयन किया गया है। बैठक में विधानसभा सदस्य श्रीमती रीति पाठक, श्रीमती प्रियंका मीणा, श्री विवेक सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधाई कार्य विभाग श्री भरत कुमार व्यास सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहे।

## कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी खण्ड विनय कुमार श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस दिया है। संभागीय योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा गुढ़ एवं देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के दस गांवों में सोलर लाइट लगाने के लिए 149.22 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी। इसकी प्रथम किश्त के रूप में 80.57 लाख रुपए संबंधित निर्माण एजेंसी को प्रदान किए गए। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूरा किए बिना राशि की माँग की गई। कार्यपालन यंत्री ने मौके पर सत्यापन किए बिना निर्माण एजेंसी को 57 लाख 43 हजार 900 रुपए का भुगतान कर दिया। सत्यापन कराए जाने पर ग्राम चोरगड़ी, देवरा फरेंदा, मनिकवार नम्बर एक, हिनौती, मेथौरी, बरसैता तथा डढ़वा में सोलर लाइट लगी नहीं पाई गई। इसे गंभीर लापरवाही और अनियमितता मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का तीन दिवस की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## पार्षद पद के मतदान के लिए 11 मतदान केन्द्र निर्धारित

**रीवा।** नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में वार्ड क्रमांक पाँच तथा नगर परिषद सिरमौर में वार्ड क्रमांक चार में रिक्त पार्षद पदों के लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। मतदान निर्धारित मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम रीवा में वार्ड क्रमांक पाँच में मतदान के लिए 10 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसी तरह नगर परिषद सिरमौर में वार्ड क्रमांक चार में मतदान के लिए एक मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा पोषण माह

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकार महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में 30 सितम्बर तक पोषण माह मनाया जाएगा। इस अवधि में आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण रैली, पूरक आहार एवं खाद्य, विविधता, जागरूकता शिविर, एनीमिया से बचाव के शिविर, संतुलित आहार के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कराएं। ग्राम पंचायत स्तर पर पोषण वाटिका का निर्माण कराएं, जिससे आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों और स्थानीय व्यक्तियों को पौष्टिक फल और सब्जियाँ प्राप्त हो सके। आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों और महिलाओं को पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य रक्षा तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

## रोजगार मेला 5 सितंबर को मऊगंज में

### रोजगार मेले में 7 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा**

शासकीय केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 5 सितंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 7 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 19 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 6 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि. (आईसेक्ट) रीवा, एमआरएफ टायर्स भरूच गुजरात, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. रीवा, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लि. में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## एसडीएम गुढ़ ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**रीवा।** जिले के सभी अस्पतालों में उपचार एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भवन के अंदर और परिसर में प्रकाश की उचित व्यवस्था रखें। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ केवल दो परिजनों को ही रहने की अनुमति दें। सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारी वार्डों का भी नियमित भ्रमण करें। सभी डॉक्टर और चिकित्साकर्मी निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित होकर रोगियों का उपचार करें। रोगियों और उनके परिजनों से अच्छा व्यवहार करें। अस्पताल में भर्ती महिला रोगियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। एसडीएम ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार तथा चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिये कमीशनिंग कार्य की तिथियाँ तय

**रीवा।** पंचायतों तथा नगरीय निकायों के उप निर्वाचन 2024 के लिये ई.व्ही.एम. मशीनों का उपयोग किया जायेगा। ई.व्ही.एम. मशीनों की कमीशनिंग की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि नगर परिषद सिरमौर के लिये ई.व्ही.एम. की कमीशनिंग 5 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से, जवा एवं त्योंथर के लिये ई.व्ही.एम. की कमीशनिंग 6 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से तथा रीवा के लिये ई.व्ही.एम. मशीनों की कमीशनिंग 7 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जायेगी। कमीशनिंग कार्य की जानकारी अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को दिये जाने के निर्देश संबंधित आरओं को दिये गये हैं।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्र निर्धारित

**रीवा।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 के लिये जिले में जनपद सदस्य के लिये एक तथा पंच पद के लिये दो पदों हेतु निर्वाचन कार्य सम्पन्न होगा। निर्वाचन हेतु सामग्री वितरण 10 सितंबर को तथा मतदान 11 सितंबर को होगा। पंच पद के लिये मतदान समाप्ति के उपरांत मतगणना कार्य सम्पन्न कराने तथा 15 सितंबर को प्रातः 8 बजे से खण्ड मुख्यालय में मतगणना कार्य सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनपद पंचायत जवा अन्तर्गत जनपद सदस्य पद के निर्वाचन के लिये वीरपुर प्राथमिक शाला भवन वीरपुर, अतिरिक्त कक्ष प्राथमिक शाला वीरपुर, पंचायत भवन वीरपुर, खाझा पूर्व माध्यमिक विद्यालय खाझा कमरा नं. 1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खाझा कमरा नं.2, पंचायत भवन खाझा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खाझा, चंपागढ़ ई.जी.एस. चम्पागढ़, प्राथमिक शाला भवन चम्पागढ़, शिक्षा गारंटी शाला मौहरिया टोला चंपागढ़, बड़ाछ प्राथमिक शाला भवन बड़ाछ, पंचायत भवन बड़ाछ, प्राथमिक शाला भवन रिमारी, प्राथमिक शाला भवन रिमारी अतिरिक्त कक्ष, प्राथमिक शाला भवन पथरीपुर्वा मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत रीवा में पंच पद हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुमेदा कमरा नं. एक एवं जनपद पंचायत गंगेव में पंच पद हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय महमूदपुर कमरा नं. एक को मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक को आवश्यक व्यवस्थायें व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

## सचिव पीएचई वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सचिव श्री पी नरहरि रीवा एवं शहडोल संभाग की नल जल योजनाओं तथा जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक 6 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने संबंधित अधिकारियों को कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित होकर बैठक में शामिल होने के निर्देश दिये हैं।

## मऊगंज जिला मुख्यालय में आज नि:शुल्क जाँच शिविर का आयोजन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क जाँच और उपचार शिविर लगाए जा रहे हैं। रीवा जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड मुख्यालयों में भी इन शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रोगियों की जाँच और उपचार कर रही है। इस संबंध में बताया गया कि श्री अरविंदो हास्पिटल इंदौर के सहयोग से चार सितम्बर को मऊगंज जिला मुख्यालय में शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में अरविंदो हास्पिटल की सर्व सुविधायुक्त चलित अस्पताल इकाई उम्मीदों वाली बस से रोगियों की जाँच की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से महिलाओं के स्तन कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर एवं ओरल कैंसर के रोगियों की जाँच एवं उपचार किया जाएगा। इस बस में जाँच के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं।

## विश्व साक्षरता दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**रीवा।** जिले भर में आठ सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में् जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एक से आठ सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवधि में साक्षरता जागरूकता रैलियों का आयोजन, निरक्षरों का सर्वे तथा एनआईएलपी एप में निरक्षरों की ऑनलाइन इंट्री करना शामिल है। साक्षरता सप्ताह में पाँच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर जिला और विकासखण्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व साक्षरता दिवस पर भी शिक्षण संस्थानों तथा ग्राम पंचायतों में साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नव साक्षरों को अध्ययन केन्द्रों में नियमित रूप से उपस्थित होने तथा सितम्बर माह में होने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## चिरहुला मंदिर में कथावाचक आपस में लड़ पड़े, कथा सुनाने से शुरू हुआ विवाद



**रीवा।** रीवा में प्रसिद्ध चिरहुला हनुमान मंदिर परिसर का एक विडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा रहा है कि दो लोग आपस में मारपीट कर रहे हैं और एक दूसरे को मुक्के बरसा रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद कहा जा रहा है कि वीडियो में मारपीट करने वाले दोनों हनुमान मंदिर के ही कथावाचक हैं। इस बारे में बताया गया कि दोनों के बीच यजमान को कथा सुनाने को लेकर विवाद शुरू हुआ और इसके बाद वे आपस में भिड़ गए।

बता दें कि मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु बजरंग बली के दर्शन करने चिरहुला हनुमान मंदिर पहुंचे थे। इस दिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के साथ ही कथा सुनने के लिए हनुमान मंदिर जाते हैं। इस बीच कथावाचक भक्त से कथा सुनाने को लेकर बात कर रहे थे, तभी दूसरे कथावाचक ने उसी यजमान से बात करनी शुरू कर दी, जिससे दोनों कथावाचक के बीच बहस हो गई और वे आपस में भिड़ गए।

कथावाचक के बीच हो रही मारपीट की घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इस मामले पर चिरहुला हनुमान मंदिर के पुजारी निशांत तिवारी ने बताया कि दोनों कथावाचक के बीच यजमान को कथा सुनाने को लेकर विवाद उपजा था। दोनों को शांत करा दिया गया है, घटना की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आज

**रीवा।** जिले में विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए चार सितम्बर को पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आरंभ होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण से संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख प्रस्तुत करें। शिविर में पेंशन प्रकरण से संबंधित अभिलेखों तथा प्रभारी कार्यालय सहायक के साथ उपस्थित होकर पेंशन प्रकरणों की समस्त कमियाँ दूर कराकर सेवानिवृत्त शासकीय सेवक का पीपीओ जारी कराएं। पेंशन प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। कलेक्टर ने संभागीय पेंशन अधिकारी को संबंधित विभागीय कर्मचारियों के साथ शिविर में उपस्थित होकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833